सम्राट अशोक के अभिलेख

सम्राट अशोक के अभिलेख

विषयानुक्रमणिका

सम्राट अशोक : संक्षिप्त परिचय ..... [i]
संकेतचिन्ह ..... [ix]

खंड १ (शिला अभिलेख)

मूल अभिलेख + हिंदी रूपांतर

गिरनार शिला प्रथम अभिलेख २
गिरनार शिला द्वितीय अभिलेख २
गिरनार शिला तृतीय अभिलेख ४
गिरनार शिला चतुर्थ अभिलेख ४
कालसी शिला पंचम अभिलेख ६
गिरनार शिला षष्ठ अभिलेख ८
गिरनार शिला सप्तम अभिलेख १०
गिरनार शिला अष्टम अभिलेख १०
गिरनार शिला नवम अभिलेख १२
गिरनार शिला दशम अभिलेख १४
गिरनार शिला एकादश अभिलेख १४
गिरनार शिला द्वादश अभिलेख १६
शाहबाजगढ़ी शिला त्रयोदश अभिलेख १८
गिरनार शिला चतुर्दश अभिलेख २२
धौली शिला प्रथम पृथक अभिलेख २२
जौगड शिला द्वितीय पृथक अभिलेख २६

खंड २ (लघु शिला अभिलेख)

मूल अभिलेख + हिंदी रूपांतर

लघु शिला: रूपनाथ ३४
लघु शिला: क्केलकाता-बैराट ३६
लघु शिला: ब्रह्मगिरि ३६

खंड ३ (लघु स्तंभ अभिलेख)

मूल अभिलेख + हिंदी रूपांतर

लघु स्तंभ: सारनाथ ४२
लघु स्तंभ: रुम्मिनदेई ४४
लघु स्तंभ: निगली सागर ४४

खंड ४ (स्तंभ अभिलेख)

मूल अभिलेख + हिंदी रूपांतर

स्तंभ: देहली-टोपरा प्रथम अभिलेख ४८
स्तंभ: देहली-टोपरा द्वितीय अभिलेख ४८
स्तंभ: देहली-टोपरा तृतीय अभिलेख ५०
स्तंभ: देहली-टोपरा चतुर्थ अभिलेख ५०
स्तंभ: देहली-टोपरा पंचम अभिलेख ५२
स्तंभ: देहली-टोपरा षष्ठ अभिलेख ५४
स्तंभ: देहली-टोपरा सप्तम अभिलेख ५६

खंड ५ (गुहा बराबर)

मूल अभिलेख + हिंदी रूपांतर

प्रथम अभिलेख ६४
द्वितीय अभिलेख ६४
तृतीय अभिलेख ६४

शब्द-विवेचन

शिला अभिलेख ६९
लघु शिला अभिलेख ११०
लघु स्तम्भ अभिलेख ११९
स्तम्भ अभिलेख १२३
गुहा अभिलेख १४४

परिशिष्ट

१. लघु शिला कंधार अभिलेख (केवल अनुवाद) १४७
२. सम्राट अशोक के अभिलेखों के प्राप्ति-स्थल १४८

विपश्यना साधना केंद्र १५१

"मुनिसानं चु या इयं धंमवढि वढिता दुवेहि येव
आकालेहि धंमनियमेन च निझतिया च
"तत चु लहु से धंमनियमे निझतिया व भुये"।

[मनुष्यों में जो धर्म की बढ़ोतरी हुई है वह दो प्रकार से हुई है - धर्म के नियमों से और (विपश्यना) ध्यान करने से।

और इनमें धर्म के नियमों से कम और (विपश्यना) ध्यान करने से कहीं अधिक (हुई है।)]

– स्तंभ देहली-टोपरा : सप्तम अभिलेख

सम्राट अशोक : संक्षिप्त परिचय

भारतवर्ष के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है कि उसकी धरती पर जन्मे सम्राट अशोक का नाम केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्वभर में, बहुत ही आदर के साथ लिया जाता है। ब्रिटेन के सुप्रसिद्ध लेखक एच. जी. वेल्स ने अशोक की गणना विश्व इतिहास के छः महानतम व्यक्तियों में की है। यूनेस्को कलिंग प्राईज १९८५ के लारिएट सर एग्गरमोंट ने इसके बारे में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा: 'अशोक को आज विश्व का सम्राट होना चाहिए था।' इसी विभूति का संक्षिप्त परिचय नीचे की चंद पंक्तियों में दिया जा रहा है।

अशोक के जीवन के बारे में मुख्य-मुख्य जानकारी निम्न स्रोतों से मिलती है - १. दिव्यावदान (असोकावदान) २. दीपवंस ३. महावंस ४. पुराण ५. सम्राट अशोक के शिलाओं तथा स्तंभों पर उत्कीर्ण अभिलेख

सम्राट के प्रारंभिक जीवन के बारे में अनेक दंतकथाएं भी प्रचलित हैं पर इनमें से कितनी ही निःसार प्रतीत होती हैं। इनमें से कुछ तो भारतीय मूल की हैं और शेष अधिकतर श्रीलंका से प्रसरित हुई हैं। एक कथा के अनुसार अशोक पहले बड़े चंड स्वभाव का था, पर बाद में भगवान बुद्ध की शिक्षा को अपनाने से बड़ा धार्मिक व्यक्ति बन गया। इस प्रकार वह 'चंडाशोक' से 'धम्माशोक' बन गया।

सम्राट के जीवन के घटनाक्रम के बारे में विद्वानों में मतैक्य नहीं है। फिर भी प्रायःकर वे सभी इसका प्रामाणिक स्रोत उन अभिलेखों को तो मानते ही हैं जिन्हें अशोक ने अपने शासनकाल में समय समय पर अपने विशाल साम्राज्य में महत्त्वपूर्ण स्थानों पर शिलाओं तथा स्तंभों पर उत्कीर्ण करवाया था। स्वर्गीय श्री रवींद्रनाथ टैगोर का भी चिंतन है कि सम्राट अशोक ने चट्टानों पर लेख इसीलिए खुदवाये कि वह जो आवाज इनमें भरे वही आवाज सदियों तक लोगों के श्रवणगोचर होती रहे। इन अभिलेखों को पढ़ते समय बहुत बार सचमुच ऐसे लगने लगता है मानों अशोक स्वयं अपनी धर्मलिपि पढ़ कर हमें सुना रहा हो।

अशोक मौर्य वंश का तीसरा बड़ा सम्राट था। चंद्रगुप्त इसके पितामह और बिंदुसार इसके पिता थे। शासन की बागडोर संभालने से पहले अपने पिता के

जीवनकाल में यह अवन्ति नाम के जनपद का प्रशासक रह चुका था जिसकी राजधानी उज्जयिनी (उज्जैन) थी। उस समय यह अठारह वर्ष का ही था। इस प्रकार बाल्यकाल से ही इसे प्रशासन का अच्छा-खासा अनुभव हो गया था जो बाद में इसके लिए बड़ा उपयोगी सिद्ध हुआ।

अशोक का जन्म ईसापूर्व ३०४ में हुआ था। मास्की में पाये गये अभिलेख से इसका नाम 'असोक' होना विदित होता है, अन्यथा अन्य अभिलेखों में इसे 'देवानंपिय' अथवा 'पियदस्सी राजा' कहा गया है। ये दोनों अशोक के नाम न होकर उसकी मानोपाधियां थीं, जैसे आजकल 'His Majesty'।

अशोक की पहली पत्नी का नाम देवी था जिससे इसे पुत्र महेंद्र और पुत्री संघमित्रा संतान के रूप में प्राप्त हुए। दूसरी पत्नी कारुवाकी से इसे तीवर नाम का पुत्र प्राप्त हुआ। असंधिमित्रा इसकी अग्रमहिषी मानी जाती है। दिव्यावदान के अनुसार धर्मविवर्धन (कुणाल) नाम का पुत्र पद्मावती की कोख से हुआ था। एक अभिलेख में अशोक के पौत्र दशरथ का नाम आता है जिसने अशोक की मृत्यु के उपरांत राजपाट भी संभाला था। महेंद्र और संघमित्रा भगवान बुद्ध की शिक्षा का प्रसार करने के उद्देश्य से श्रीलंका देश में चले गये थे।

यदि श्रीलंका के इतिवृत्तों पर विश्वास किया जाय तो यह मानना होगा कि अशोक के सिंहासन पाने और उसका राज्याभिषेक होने के बीच चार वर्षों का अंतराल रहा। इसके लिए एक तर्क यह दिया जाता है कि उसे उत्तराधिकार के लिए युद्ध में जूझते रहना पड़ा। उसका राजतिलक ईसापूर्व २७० में हुआ था।

अशोक को विरासत में इतना बड़ा साम्राज्य मिला जो आज के भारत से कहीं विशाल था। उसके राज्य की सीमाएं वर्तमान अफ़गानिस्तान से मैसूर तक फैली हुई थीं और उत्तर में नेपाल भी उसके राज्य तले था। उसने अपने जीवनकाल में एक ही युद्ध लड़ा जिसे कलिंग का युद्ध कहते हैं। यह राज्याभिषेक के नौवें वर्ष में लड़ा गया। इसमें एक लाख लोग कत्ल हुए, डेढ़ लाख लोगों को बंदी बनाया गया और इससे भी ज्यादा लोग मारे गये। लगभग चार लाख लोग घायल हुए। इस नर-संहार और अपार क्षति से अशोक का दिल दहल गया। वह संतापित हो उठा और इसके पश्चाताप के तौर पर उसने भविष्य में कोई युद्ध न लड़ने की अटल प्रतिज्ञा की और आगे के लिए अहिंसा और धार्मिक सहिष्णुता को अपने जीवन का मूलमंत्र बना लिया। अशोक ने

अहिंसा की प्रतिज्ञा वर्तमान उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर के पास धौली नामक स्थान पर ली थी। वहां पर आजकल एक शांति-स्तूप भी बना हुआ है।

अशोक ने धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक सरकारी विभाग बनाया जिसके अंतर्गत 'धर्ममहामात्र' नियुक्त किये गये। इनके जिम्मे बहुत महत्त्व के काम सौंपे गये। इनकी विस्तृत जानकारी अशोक के संबंधित अभिलेखों को पढ़ने से होगी। इस कार्य में महिलाओं को भी भूमिका अदा करने के लिए दी गयी थी। इन्हें स्त्यध्यक्ष महामात्र कहते थे। जन जन का कल्याण करने वाले इस प्रकार के पद का सृजन विश्व के इतिहास में प्रथम बार सम्राट अशोक ने ही किया था।

ईसापूर्व २६० तक अशोक की बुद्ध के प्रति श्रद्धा अगाध हो चुकी थी, अतः वह पहली बार धर्मयात्रा पर निकला। उसके बाद उसने अनेक धर्मयात्राएं कीं जिनका उल्लेख जनश्रुतियों तथा अभिलेखों में पाया जाता है। मथुरा-निवासी उपगुप्त अशोक का आचार्य था। उसके नेतृत्व में अशोक ने एक विशाल सेना के साथ बौद्ध तीर्थों की यात्रा की थी। मुख्य स्थान थे भगवान की जन्मस्थली लुंबिनी, महाभिनिष्क्रमण का स्थान कपिलवस्तु, संबोधि प्राप्त करने का स्थान बोधगया, धर्मचक्रप्रवर्तन करने का स्थान इसिपतन (सारनाथ), महापरिनिर्वाण प्राप्त करने का स्थान कुशीनगर। कतिपय अन्य स्थानों की यात्रा किया जाना भी पाया जाता है। अशोक ने यह भी स्पष्ट किया है कि आखिर इन धर्मयात्राओं का प्रयोजन क्या था। इसके लिए कृपया देखें गिरनार शिला का अष्टम अभिलेख।

अशोक ने अपने शासनकाल में पाटलिपुत्र में एक धर्म-संगीति भी बुलाई थी जो बड़े ऐतिहासिक महत्त्व की थी। भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण के पश्चात यह तीसरी संगीति थी जो ईसापूर्व २५१ में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता आचार्य मोग्गलिपुत्त तिस्स ने की थी। इस संगीति के उपरांत विदेशों में धर्मप्रसार के उद्देश्य से अनेक स्थविरों को भेजा गया जिसके फलस्वरूप ही

आज के एशियाई देशों में बुद्ध की शिक्षा में विश्वास रखने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मिलते हैं।

किस देश में किस स्थविर को भेजा गया, इसकी तालिका नीचे दी गयी है-

स्थविर	देश
१. मज्झन्तिक	काश्मीर एवं गंधार
२. महारक्षित	यवन (यूनान)
३. मज्झिम	हिमालय देश
४. धर्मरक्षित	अपरांतक
५. महाधर्मरक्षित	महाराष्ट्र
६. महादेव	महिषमंडल (मेसूर या मांधाता)
७. रक्षित	वनवासी (उत्तर कन्नड)
८. सोण वा उत्तर	सुवर्णभूमि (पेगू तथा मौलमीन)
९. महेंद्र	श्रीलंका (सिंहल)

जनसाधारण के लिए अशोक ने बहुत से कल्याणकारी कदम उठाये। उदाहरणस्वरूप, उसने पथिकों के लिए रास्तों पर घने छायादार पेड़ लगवाये जिनके नीचे मनुष्य एवं पशु विश्राम कर सकें। थोड़ी-थोड़ी दूरी पर पानी पीने के कुएं खुदवाये। मार्गों पर यात्रियों के ठहरने के लिए धर्मशालाएं निर्मित करवायीं। औषधि के काम आने वाली पेड़-पौधों की नर्सरियां बनवायीं। अस्पताल खुलवाये। दवाइयों का प्रबंध करवाया। पशुओं की चिकित्सा के लिए भी अस्पताल खुलवाये। राजकीय शिकार पर रोक लगायी। अन्यथा भी पशुओं के वध को प्रतिबंधित किया। किन्हीं विशेष अवसरों पर विशेष जानवरों के वध पर रोक लगायी।

सम्राट अशोक के अभिलेखों से अनेक प्रकार के संदेश मिलते हैं:

नैतिकता को बढ़ावा देने से संबंधित, जैसे अहिंसा को प्रश्रय देना, चरित्र-निर्माण, सहिष्णुता, दूसरों के विचारों का सम्मान, माता-पिता का

सम्मान, अपने आचार्य, मित्र, संबंधी, धर्मगुरु का सम्मान, दासों तथा भृत्यों के प्रति सम्मान, सच बोलना, इत्यादि।

आज का भारत भी सम्राट अशोक को इस रूप में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है कि उसने अपना राष्ट्रीय चिह्न अशोक द्वारा निर्मित एक स्तंभविशेष के शीर्षभाग को बनाया है। यह स्तंभ वाराणसी के निकट सारनाथ में किये गये उत्खनन के परिणामस्वरूप प्राप्त हुआ था। अभी यह सारनाथ ही के संग्रहालय में रखा हुआ है। स्तंभ की विशेषताएं इस प्रकार हैं;

- ऊंचाई लगभग पचास फीट
- पाषाण के एकल खंड से निर्मित
- इसकी पालिश २,३०० वर्ष के बाद आज भी वैसी ही चमकदार
- इसके ऊपर की गयी कारीगरी उस समय की उत्कृष्ट कलाकृति की एक बेजोड़ मिसाल
- इसके शीर्ष भाग पर चार सिंहों का एक दूसरे के साथ पीठ सटाये बैठे होना
- सिंहों के नीचे हाथी, बैल और घोड़ा - इन तीनों की विद्यमानता
- हाथी, बैल और घोड़े के बीचोंबीच एक 'धर्मचक्र' का अंकन

[यह 'धर्मचक्र' भगवान बुद्ध द्वारा प्रज्ञप्त उन चौबीस प्रत्ययों का सूचक प्रतीत होता है जिनसे यह सृष्टि का व्यापार चलता है।]

सम्राट अशोक की प्रसिद्धि जिन कारणों से है, वे हैं:

- कुशलतम प्रशासन
- नगरों का निर्माण
- बहुत बड़ी संख्या में विहारों, स्तंभों एवं स्तूपों का निर्माण
- प्रस्तर शिलाओं और स्तंभों पर प्रजाजन एवं अधिकारीवर्ग के निमित्त अपने आदेशों, अनुदेशों, अपेक्षाओं का उत्कीर्णन
- पत्थरों पर कलाकारी
- समाज सेवा के कार्य
- लोगों में 'विपश्यना ध्यान' की प्रवृत्ति जगाना

यह ज्ञातव्य है कि अशोक ने अत्यल्प काल में ही अपने साम्राज्य में यत्र तत्र ८४,००० स्मारक खड़े करवा दिये थे। यह मान्यता है कि भगवान बुद्ध एवं उनके प्रमुख शिष्यों के उपदेशों की संख्या इतनी ही होने के कारण उसके द्वारा ८४,००० स्मारकों का निर्माण-कार्य हाथ में लिया गया था।

सम्राट अशोक द्वारा शिलाओं, स्तंभों, गुफाओं पर उत्कीर्ण अभिलेखों की संख्या ४२ तक पहुँच चुकी है। इनमें से ३६ भारत में, २ नेपाल में, २ पाकिस्तान में और २ अफगानिस्तान में हैं। अफगानिस्तान में पाये गये अभिलेख 'खरोष्ठी' लिपि में हैं। इन सभी अभिलेखों को ऐसे स्थानों पर उत्कीर्ण किया गया था जहां पर अधिक-से-अधिक लोगों का ध्यान इनकी ओर आकृष्ट हो सके। विद्वानों ने अभिलेखों का वर्गीकरण निम्न प्रकार से किया है:

- शिला अभिलेख (गिरनार, कालसी, मानसेहरा, धौली, जौगड़, इत्यादि)
- लघुशिला अभिलेख (रूपनाथ, सहसराम, बैराठ, ब्रह्मगिरि, इत्यादि)
- स्तंभ अभिलेख (टोपरा, देहली-मेरठ, कौसांबी, इत्यादि)
- लघुस्तंभ अभिलेख (सांची, सारनाथ, रुम्मिनदेई, इत्यादि)
- गुहा अभिलेख (बराबर)

सम्राट अशोक के शिलाओं, स्तंभों, इत्यादि पर खुदे हुए अभिलेख अधिकतर 'ब्राह्मी' लिपि में हैं जो आजकल प्रचलित देवनागरी लिपि की जननी है। इनकी भाषा मुख्यतया 'पालि' है जो उस समय उत्तर भारत में बोलचाल की भाषा थी। उस समय की पालि के तीन भेद मिलते हैं जो इस प्रकार हैं: १. पंजाबी, २. उज्जेनी, तथा ३. मागधी।

इन अभिलेखों की खोज से पहले लोग अशोक को भूल चुके थे। इन अभिलेखों के कारण ही उनका अस्तित्व प्रकाश में आया है। अभिलेखों की खोज और उन पर अनुसंधान करने का कार्य प्रायःकर विदेशी विद्वानों के कारण ही संभव हो पाया है। फादर टीफेनथालर ने देहली-मेरठ स्तंभ अभिलेख की खोज सन १७५० ईस्वी में की थी। इसके अर्थ को जेम्स प्रिंसेप ने सन १८३७ ई० में सुनिश्चित किया था। इसके बाद तो बहुत से विद्वान समय समय पर इस कार्य में जुटते चले गये। इनमें से कुछेक नाम इस प्रकार हैं: ए. कनिंघम, एमिल सेना, ई. हार्डी, जार्ज ब्यूलर, ई. हुल्ज, विंसेंट स्मिथ, ए.सी.वूलनर, एच. कर्न, एग्गरमोंट, इत्यादि। भारतीय विद्वानों ने भी इस कार्य

में काफी योगदान दिया है। कुछ प्रसिद्ध नाम हैं: डी.आर. भांडारकर, डी.सी. सरकार, राधाकुमुद मुखर्जी, बी.सी. लाहा, बी.एम. बरुआ, ए.सी. सेन, आर.जी. बसाक, सी.एस. उपासक, राजबली पांडे, इत्यादि।

पूर्व में उल्लेख किया जा चुका है कि भारत और उससे बाहर के देशों में सम्राट अशोक के अभी तक ४२ अभिलेख खोजे जा चुके हैं। इस अभिलेखों में सम्राट के जो अनुदेश अंकित हैं उनकी जानकारी हर किसी को होना नितांत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से इस पुस्तिका को प्रकाश में लाया गया है।

अभिलेखों को उत्कीर्ण करने के प्रयोजन से काम में लिए गये अनेक शिलाखंड अथवा स्तंभ क्षतिग्रस्त हो जाने से उन्हें भाषानुवाद हेतु नहीं चुना गया है। अधिकतर उन्हीं अभिलेखों का चयन किया गया है जो स्पष्ट रूप से पढ़ने में आते हैं। इनके मात्र एक-दो अपवाद अवश्य हैं। किसी भी अभिलेख को छोड़ा नहीं गया है। इस प्रकार सम्राट अशोक द्वारा जो कुछ प्रज्ञप्त किया गया है उसे पाठकों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। अभिलेखों का रूपांतरण सरल भाषा में किया गया है जिससे सर्वसाधारण की समझ में आ जाय। अत्यावश्यक होने पर ही किन्हीं किन्हीं संदर्भों की संक्षिप्त व्याख्या की गयी है।

निदेशक

विपश्यना विशोधन विन्यास

संकेतचिन्ह

अनेकार्थसंग्रह	अनेकार्थ०
अभिधानचिन्तामणि	अभिधान०
अभिधानचिन्तामणिपरिशिष्ट	अभिधान०परिशिष्ट
अभिधानचिन्तामणिशिलोञ्छः	अभिधान०शिला
अमरकोष	अमर०
अव्यय	अव्य०
उपसर्गार्थचन्द्रिका	उपसर्गार्थ०
एकादशीतत्त्वम्	एकादशी०
कविकल्पलता	कवि०
चरियापिटक	चरिया०
चाणक्यशतक	चाणक्य०
चुल्लनिद्देसपालि	चुल्ल०
त्रिकाण्डशेष	त्रिकाण्ड०
द्विरूपकोष	द्विरूप०
धातुपाठ (पाणिनि)	धातुपाठ०
नपुंसकलिङ्ग	न०
निघण्टुशेष (हेमचन्द्रविरचित)	निघण्टु०
निरुक्त	नि०
पञ्चतन्त्र	पञ्च०
पाराजिकपालि	पाराजिक०
पुँल्लिंग	पुँ.
बहुवचन	ब. व.
ब्रह्मपुराण	ब्रह्मपु०
ब्रह्मवैवर्त	ब्रह्म०
भावप्रकाश	भाव०
मनुस्मृति	मनु०
महाभारत	महाभा०

मालतीमाधव	मालती०
मालविकाग्निमित्र	मालविका०
मुद्राराक्षस	मुद्रा०
मेदिनीकोष	मेदिनी०
रामायण	रामा०
वशिष्ठहारीतवचन	वशिष्ठ०
वेणीसंहार	वेणी०
वैद्यकरत्नमाला	वैद्यक०
शतपथब्राह्मण	शतपथ०
शब्दरत्नप्रदीप	शब्दरत्न०
शब्दस्तोममहानिधि	शब्द०
शिष्टोपदेश:	शिष्ट०
संस्कृत	सं०
संस्कृतशब्दार्थकौस्तुभ	संस्कृत०
सद्धर्मसङ्ग्रह	सद्धर्म०
समन्तपासादिका	समन्त०
साहित्यदर्पण	साहित्य०
सुत्तविभङ्ग	सुत०
स्त्रीलिङ्ग	स्त्री०
हलायुधकोष	हलायुध०
हारावली	हारा०
हितोपदेश	हितोप०
Latin	Lat

खंड (१)

शिलाओं पर उत्कीर्ण अभिलेख

मूल अभिलेख

गिरनार शिला : प्रथम अभिलेख

१. इयं धंमलिपी देवानंप्रियेन प्रियदसिना राञ्ञा लेखापिता

२. इध न किंचि जीवं आरभित्पा प्रजूहितव्यं

३. न च समाजो कतव्यो

४. बहुकं हि दोसं समाजम्हि पसति देवानंप्रियो प्रियदसि राजा

५. अस्ति पि तु एकचा समाजा साधुमता देवानंप्रियस प्रियदसिनो राञो

६. पुरा महानसम्हि देवानंप्रियस प्रियदसिनो राञो अनुदिवसं बहूनि प्राणसतसहस्रानि आरभिसु सूपाथाय

७. से अज यदा अयं धंमलिपी लिखिता ती एव प्राणा आरभरे सूपाथाय द्वो मोरा एको मगो सो पि मगो न ध्रुवो

८. एते पि त्री प्राणा पछा न आरभिसरे

गिरनार शिला : द्वितीय अभिलेख

१. सर्वत विजितम्हि देवानंप्रियस पियदसिनो राञो एवमपि प्रचंतेसु यथा चोडा पाडा सतियपुतो केतलपुतो आ तंवपंणी अंतियको योनराजा ये वा पि तस अंतियकस सामीपं राजानो सर्वत्र देवानंप्रियस प्रियदसिनो राञो द्वे चिकीछ कता मनुसचिकीछा च पसुचिकीछा च

२. ओसुढानि च यानि मनुसोपगानि च पसोपगानि च यत यत नास्ति सर्वत्रा हारापितानि च रोपापितानि च

३. मूलानि च फलानि च यत यत्र नास्ति सर्वत हारापितानि च रोपापितानि च

४. पंथेसु कूपा च खानापिता व्रछा च रोपापिता परिभोगाय पसुमनुसानं

हिंदी रूपांतर

गिरनार शिला : प्रथम अभिलेख

१. यह धर्मलिपि देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा द्वारा लिखवायी गयी है।

२. यहां किसी जीव को मार कर होम नहीं किया जाना चाहिए।

३. और न ही इन्द्रियलोलुपता को बढ़ावा देने वाला उत्सव किया जाना चाहिए।

४. क्योंकि ऐसे उत्सव में देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा बहुत बुराई देखते हैं।

५. फिर भी कोई-कोई उत्सव तो हैं ही, जो देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा के मत में अनिंद्य हैं।

६. पहले देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा के रंधनागार में प्रतिदिन बहुत से, सैंकड़ों-हजारों, प्राणी सूप के प्रयोजन से मारे जाते थे।

७. परंतु आज, जबकि यह धर्मलिपि लिखी गयी है, सूप के प्रयोजन से तीन ही प्राणी मारे जाते हैं- दो मोर और एक पशु- और वह पशु भी नित्यप्रति नहीं।

८. ये तीन प्राणी भी बाद में नहीं मारे जाएंगे।

गिरनार शिला : द्वितीय अभिलेख

१. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा के राज्य में सर्वत्र और इसी प्रकार सीमा से सटे हुए पड़ोसी राज्यों में- जैसे चोड, पांड्य, सत्यपुत्र, केरलपुत्र, ताम्रपर्णी भी, यवनराजा अंतियोक और जो भी उस अंतियोक के समीपवर्ती राजा हैं- सब जगह देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा की (ओर से) मनुष्यों के लिए चिकित्सा और पशुओं के लिए चिकित्सा- दो (प्रकार की) चिकित्सा (व्यवस्थाएं) की हुई हैं।

२. और मनुष्यों तथा पशुओं के लिए उपयोगी जो औषधियां जहां जहां नहीं हैं उन सब स्थानों पर मंगवायी गयी हैं और रुपवा दी गयी हैं।

३. और कंदमूल तथा फल जहां-जहां नहीं हैं उन सब स्थानों पर मंगवाये गये हैं और रुपवा दिये गये हैं।

४. और पशुओं तथा मनुष्यों के प्रचुर उपयोग के लिए मार्गों पर कुएं खुदवाये गये हैं और वृक्ष लगवाये गये हैं।

गिरनार शिला : तृतीय अभिलेख

१. देवानंपियो पियदसि राजा एवं आह

२. द्वादसवासाभिसितेन मया इदं आञपितं

३. सर्वत विजिते मम युता च रजूके च प्रादेसिके च पंचसु पंचसु वासेसु अनुसंयानं नियातु एतायेव अथाय इमाय धंमानुसस्टिय यथा अञाय पि कंमाय

४. साधु मातरि च पितरि च सुसूसा मित्रसंस्तुतञातीनं बाम्हण-समणानं साधु दानं प्राणानं साधु अनारंभो अपव्ययता अपभाडता साधु

५. परिसा पि युते आञपयिसति गणनायं हेतुतो च व्यंजनतो च

गिरनार शिला : चतुर्थ अभिलेख

१. अतिकंतं अंतरं बहूनि वससतानि वड्ढितो एव प्राणारंभो विहिंसा च भूतानं ञातीसु असंप्रतिपती बाम्हणसमणानं असंप्रतिपती

२. स अज देवानंप्रियस प्रियदसिनो रञो धंमचरणेन भेरिघोसो अहो धंमघोसो विमानदसणा च हंतिदसणा च अगिखंधानि च अञानि च दिव्यानि रूपानि दसयित्पा जनं

३. यादिसे बहूहि वससतेहि न भूतपुवे तादिसे अज वड्ढिते देवानंप्रियस प्रियदसिनो रञो धंमानुसस्टिया अनारंभो प्राणानं अविहिंसा भूतानं ञातीनं संपटिपती बाम्हणसमणानं संपटिपती मातरि पितरि सुसूसा थेरसुसूसा

४. एस अञे च बहुविधे धंमचरणे वड्ढिते

५. वड्ढयिसति चेव देवानंप्रियो प्रियदसि रजा धंमचरणं इदं

६. पुत्रा च पोत्रा च प्रपोत्रा च देवानंप्रियस प्रियदसिनो रञो प्रवधयिसंति इदं धंमचरणं आव संवटकपा धंमंहि सीलंहि तिस्टंतो धंमं अनुसासिसंति

गिरनार शिला : तृतीय अभिलेख

१. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं।

२. अभिषेक के बारह वर्ष हो चुकने पर मेरे द्वारा यह आज्ञा जारी की गयी है।

३. मेरे राज्य में सब जगह युक्त, रज्जुक और प्रादेशिक यह जो धर्म का अनुशासन है- इसी प्रयोजन के लिए हर पांच वर्षों में (अपने-अपने क्षेत्राधिकार में) सम्यक प्रकार से दौरा करने के लिए नियमपूर्वक जाया करें जैसे कि दूसरे कामों के लिए भी जाया करते हैं।

४. माता-पिता की सेवा करना उत्तम है; मित्रों, परिचितों, जाति-भाइयों, ब्राह्मणों और श्रमणों को दान देना उत्तम है; प्राणियों की हत्या न करना उत्तम है; कम खर्च करना और कम संचय करना उत्तम है।

५. संक्षेप में और विस्तार के साथ व्यौरा रखने के लिए युक्तों को परिषद भी आदेश देगी।

गिरनार शिला : चतुर्थ अभिलेख

१. कितने ही सैकड़ों वर्षों का अंतराल हो गया है जब से प्राणियों की बलि, जीवों की विहिंसा तथा जाति-भाइयों, ब्राह्मणों और श्रमणों के प्रति अनादर का भाव बढ़ता ही चला गया है।

२. परंतु आज लोगों को देवयान दिखला कर, हाथी दिखला कर, अग्नि की मशालों और अन्य अलौकिक दृश्यों को दिखला कर देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा के धर्माचरण से भेरी का नाद धर्म का नाद हो गया है।

३. जैसा कि कितने ही सैकड़ों वर्षों में पहले कभी नहीं हुआ वैसा आज देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा के धर्मानुशासन से प्राणियों का अ-वध, जीवों की अ-विहिंसा, जाति-भाइयों, ब्राह्मणों और श्रमणों के प्रति आदर का भाव और माता-पिता तथा वृद्धजनों के प्रति सेवा का भाव बढ़ने लगा है।

४. यह और अन्य बहुत प्रकार से धर्म का आचरण बढ़ गया है।

५. और बढ़ता ही रहेगा देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा का यह धर्माचरण।

६. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा के पुत्र, पौत्र और प्रपौत्र सृष्टि के विनाश तक इस धर्माचरण को बढ़ाते चले जाएंगे और धर्म तथा शील में प्रतिष्ठित हुए-हुए वे धर्म का अनुशासन करेंगे।

७. एस हि सेस्टे कंमे य धंमानुसासनं

८. धंमचरणे पि न भवति असीलस

९. त इमम्हि अथम्हि वधी च अहीनी च साधु

१०. एताय अथाय इदं लेखापितं इमस अथस वधि युजंतु हीनि च नो लोचेतव्या

११. द्वादसवासाभिसितेन देवानंप्रियेन प्रियदसिना राजा इदं लेखापितं

कालसी शिला : पंचम अभिलेख

१. देवानंपिये पियदसि लाजा अहा

२. कयाने दुकले

३. ए आदिकले कयानसा से दुकलं कलेति

४. से ममया बहु कयाने कटे

५. ता ममा पुता चा नताले चा पलं चा तेहि ये अपतिये मे आवकपं तथा अनुवटिसंति से सुकटं कछंति

६. ए चु हेता देसं पि हापयिसति से दुकटं कछति

७. पापे हि नामा सुपदालये

८. से अतिकंतं अंतलं नो हुतपुलुव धंममहामता नामा

९. तेदसवसाभिसितेना ममया धंममहामाता कटा

१०. ते सवपासंडेसु वियापटा धंमाधिथानाये चा धंमवढिया हिदसुखाये वा धंमयुतसा योनकंबोजगंधालानं ए वा पि अंने अपलंता

७. क्योंकि यह जो धर्मानुशासन है, यह श्रेष्ठ कर्म है।

८. शील-रहित (व्यक्ति) द्वारा धर्म का आचरण संभव नहीं होता है।

९. तो इस प्रयोजन के उत्कर्ष का होना और अपकर्ष का न होना अच्छा है।

१०. इस उद्देश्य से यह लिखवाया गया है कि वे (अर्थात, मेरे उत्तराधिकारी) इस प्रयोजन के उत्कर्ष में लगे रहें और इसके अपकर्ष में रुचि न लें।

११. अभिषेक के बारह वर्ष हो चुकने पर देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा द्वारा यह लिखवाया गया है।

[स्पष्टीकरण पंक्ति (२): डा. भंडारकर ने 'विमानवत्थु' का उद्धरण दिया है जिसके अनुसार धार्मिक मनुष्य को परलोक में स्वर्ग का सुख मिलता है जहां (१) चलता-फिरता महल, (२) हस्ती=ऐरावत की सवारी, और (३) सितारों की तरह भास्वर रूप की प्राप्ति होती है। अशोक ने इनके प्रदर्शन से लोगों का ध्यान धार्मिक जीवन बिताने की ओर आकृष्ट किया प्रतीत होता है।]

कालसी शिला : पंचम अभिलेख

१. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा कहते हैं।

२. भलाई का काम करना कठिन होता है।

३. जो भलाई के काम में पहल करता है वह कठिन काम करता है।

४. तो मेरे द्वारा बहुत से भलाई के काम किये गये हैं।

५. यदि मेरे पुत्र, नाती और उनसे आगे जो संतान होगी कल्पांत तक वैसा ही अनुवर्तन करेंगे तो सुकृत (अर्थात, पुण्य का कार्य) करेंगे।

६. और जो इसका तनिक भी अपकर्ष करेगा वह दुष्कृत (अर्थात, पाप का कार्य) करेगा।

७. वस्तुतः पाप का तो खूब दलन किया जाना चाहिए।

८. तो एक अंतराल हो गया है जबकि पहले 'धर्ममहामात्र' नाम के (अधिकारी) नहीं हुआ करते थे।

९. अभिषेक के तेरह वर्ष हो चुकने पर मेरे द्वारा धर्ममहामात्र (नियुक्त) किये गये हैं।

१०. वे सब संप्रदायों में धर्म की स्थापना और धर्म की वृद्धि के लिए और यवनों, कंबोजों, गंधारों और जो भी अन्य अपरांत (पश्चिमी सीमा पर रहने वाले लोग) हैं उनमें जो धर्मपरायण हैं उनके हित-सुख के लिए लगाये गये हैं।

११. भटमयेसु बंभनिभेसु अनथेसु वुधेसु हिदसुखाये धंमयुताये अपलिबोधाये वियपटा ते

१२. बंधनवधसा पटिविधानाये अपलिबोधाये मोखाये चा एयं अनुबधा पजाव ति वा कटाभिकाले ति वा महालके ति वा वियापटा ते

१३. हिदा बाहिलेसु चा नगलेसु सवेसु ओलोधनेसु भातिनं च ने भगिनिना ए वा पि अंने नातिक्ये सवता वियापटा

१४. ए इयं धंमनिसिते ति वा दानसुयुते ति वा सवता विजितसि मम धंमयुतसि वियापटा ते धंममहामता

१५. एताये अठाये इयं धंमलिपि लेखिता चिलथितिक्या होतु तथा च मे पजा अनुवततु

गिरनार शिला : षष्ठ अभिलेख

१. देवा..... सि राजा एवं आह.....

२. अतिक्रातं अंतरं न भूतपुव सव... ल अथकंमे व पटिवेदना वा

३. त मया एवं कतं

४. सवे काले भुंजमानस मे ओरोधनम्हि गभागारम्हि वचम्हि व विनीतम्हि च उयानेसु च सवत्र पटिवेदका स्टिता अथे मे जनस पटिवेदेथ इति

५. सर्वत्र च जनस अथे करोमि

६. य च किंचि मुखतो आञपयामि स्वयं दापकं वा स्रावापकं वा य वा पुन महामात्रेसु आचायिके अरोपितं भवति ताय अथाय विवादो निझती व संतो परिसायं आनंतरं पटिवेदेतव्यं मे सर्वत्र सर्वे काले

७. एवं मया आञपितं

११. वे भृत्यों और भर्तारों, ब्राह्मणों और धनाढ्यों, अनाथों तथा बड़े-बूढ़ों के हित-सुख के लिए, उन्हें धर्म-परायण बनाने के लिए और उनकी कठिनाइयों का निवारण करने के लिए लगाये गये हैं।

१२. वे बंधन में बँधे हुओं (अर्थात, कैदियों) के (धन से) भरण-पोषण करने के लिए, उनकी कठिनाइयों को दूर करने के लिए और ऐसे लोगों की रिहाई के लिए जिनकी बहुत संतान है अथवा बहुत विपत्ति-ग्रस्त हैं अथवा बहुत बूढ़े हैं - नियुक्त हैं।

१३. (वे) यहां (अर्थात, पाटलिपुत्र में) और बाहर के सब नगरों में (हमारे) भाइयों, बहनों और जो अन्य संबंधी हैं उनके अंतःपुरों में सब जगह नियुक्त हैं।

१४. वे धर्ममहामात्र मेरे राज्य में सर्वत्र धर्मपरायण लोगों के बीच - चाहे वे धर्म के प्रति श्रद्धावान हैं अथवा खूब दान देने वाले हैं - नियुक्त हैं।

१५. यह धर्मलिपि इस प्रयोजन से लिखवायी गयी है कि यह चिरस्थायी हो और मेरी प्रजा इसका अनुवर्तन करे।

गिरनार शिला : षष्ठ अभिलेख

१. देवा (नांप्रिय प्रियद)र्शी राजा ऐसा कहते हैं।

२. एक अंतराल हो गया है जबकि पहले हर समय न तो राज्य का आवश्यक कार्य होता था और न ही गतिविधियों की सूचना होती थी।

३. इसलिए मेरे द्वारा ऐसा (प्रबंध) किया गया है कि -

४. हर समय - चाहे मैं भोजन करता होऊं अथवा अंतःपुर में, शयनकक्ष में, पशुशाला में, घोड़े (की पीठ) पर अथवा उद्यान में होऊं - सब जगह प्रतिवेदक रुक कर मुझे जनता का वृत्तांत कहें।

५. (मैं) सब जगह जनता का काम करता हूं।

६. और (मैं) स्वयं जो कोई मौखिक आज्ञा देता हूं कि (अमुक) दान दिया जाय अथवा (अमुक) घोषणा की जाय या फिर महामात्रों को कोई अत्यावश्यक कार्य सौंपा गया हो - उसके बारे में परिषद में कोई विवाद खड़ा हो जाय अथवा गंभीर चिंतन चलने लगे, तो मुझे अविलंब हर जगह हर घड़ी (उसकी) सूचना मिलनी चाहिए।

७. ऐसा मेरा आदेश है।

८. नास्ति हि मे तोसो उस्टानम्हि अथसंतीरणाय व

९. कतव्यमते हि मे सर्वलोकहितं

१०. तस च पुन एस मूले उस्टानं च अथसंतीरणा च

११. नास्ति हि कंमतरं सर्वलोकहितत्या

१२. य च किंचि पराक्रमामि अहं किंति भूतानं आनंणं गछेयं इध च नानि सुखापयामि परत्रा च स्वगं आराधयंतु त

१३. एताय अथाय अयं धंमलिपी लेखापिता किंति चिरं तिस्टेय इति तथा च मे पुत्रा पोता च प्रपोत्रा च अनुवतरं सवलोकहिताय

१४. दुकरं तु इदं अञत्र अगेन पराक्रमेन

गिरनार शिला : सप्तम अभिलेख

१. देवानंपियो पियदसि राजा सर्वत इछति सवे पासंडा वसेयु

२. सवे ते सयमं च भावसुधिं च इछति

३. जनो तु उचावचछंदो उचावचरागो

४. ते सर्व व कासंति एकदेसं व कसंति

५. विपुले तु पि दाने यस नास्ति सयमे भावसुधिता व कतंञता व दढभतिता च निचा वाढं

गिरनार शिला : अष्टम अभिलेख

मूल अभिलेख

१. अतिकातं अंतरं राजानो विहारयातां ञयासु

२. एत मगच्या अञानि च एतारिसानि अभीरमकानि अहंसु

३. सो देवानंप्रियो पियदसि राजा दसवसाभिसितो संतो अयाय संबोधिं

८. भले ही मैं कितना परिश्रम करूँ अथवा काम निपटाता चला जाऊँ मुझे संतोष ही नहीं होता है।

९. सब लोगों का हित साधना ही मेरा मुख्य कर्तव्य है।

१०. और फिर उसका भी मूल (आधार) है – परिश्रम करना और कार्यों को निपटाते चले जाना।

११. वस्तुतः सब लोगों की भलाई करने से बढ़कर दूसरा कोई काम नहीं है।

१२. मैं जो कुछ पराक्रम करता हूं (वह इसलिए है कि मैं) कैसे प्राणियों के ऋण से उऋण हो सकूं, उनको यहां सुखी बना सकूं और परलोक में वे स्वर्ग लाभ कर सकें।

१३. इस प्रयोजन से यह धर्मलिपि लिखवायी गयी है जिससे कि यह चिरस्थायिनी हो और मेरे पुत्र, पौत्र तथा प्रपौत्र सब लोगों की भलाई के लिए इसका अनुवर्तन करें।

१४. परंतु चोटी का पुरुषार्थ किये बिना यह हो नहीं सकता।

गिरनार शिला : सप्तम अभिलेख

१. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा चाहते हैं कि सब संप्रदाय वाले सब जगह रहें।

२. वे सब संयम और चित्त-शुद्धि चाहते हैं।

३. परंतु लोगों की नाना प्रकार की इच्छाएं और नाना प्रकार की आसक्तियां रहती हैं।

४. वे (अपने-अपने कर्तव्य) या तो पूरी तरह करेंगे अन्यथा आंशिक रूप से करेंगे।

५. बहुत दान देने वाले भी जिस (किसी) के पास संयम, चित्त-शुद्धि, कृतज्ञता अथवा निश्चल भक्ति का अभाव है वह सचमुच गिरा हुआ ही है।

गिरनार शिला : अष्टम अभिलेख

१. एक अरसा हो गया है जबकि राजा लोग विहार-यात्रा पर जाया करते थे।

२. इसमें आखेट और इसी प्रकार के अन्य आमोद-प्रमोद हुआ करते थे।

३. अस्तु, देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा अभिषेक के दस वर्ष हो चुकने पर बोध-गया गये।

४. तेनेसा धंमयाता

५. एतयं होति बाम्हणसमणानं दसणे च दाने च थैरानं दसणे च हिरंणपटिविधानो च जानपदस च जनस दस्पनं धंमानुसस्टी च धमपरिपुछा च तदोपया

६. एसा भुय रति भवति देवानंपियस प्रियदसिनो राजो भागे अंञे

गिरनार शिला : नवम अभिलेख

१. देवानंपियो प्रियदसि राजा एव आह

२. अस्ति जनो उचावचं मंगलं करोते आवाधेसु वा आवाहवीवाहेसु वा पुत्रलाभेसु वा प्रवासंम्हि वा एतम्ही च अञम्हि च जनो उचावचं मंगलं करोते

३. एत तु महिडायो वहुकं च वहुविधं च छुदं च निरथं च मंगलं करोते

४. त कतव्यमेव तु मगलं

५. अपफलं तु खो एतरिसं मंगलं

६. अयं तु महाफले मंगले य धंममंगले

७. ततेत दासभतकम्हि सम्यप्रतिपती गुरूनं अपचिति साधु पाणेसु सयमो साधु वम्हणसमणानं साधु दानं एत च अञ च एतारिसं धंममंगलं नाम

८. त वतव्यं पिता व पुतेन वा भात्रा वा स्वामिकेन वा इदं साधु इदं कतव्यं मंगलं आव तस अथस निस्टानाय

९. अस्ति च पि वुतं साधु दन इति

१०. न तु एतारिसं अस्ता दानं व अनगहो व यारिसं धंमदानं व धमनुगहो व

११. न तु खो मित्रेन व सुहदयेन वा ञतिकेन व सहायन व ओवादितव्यं नम्हि तम्हि पकरणे इदं कचं इदं साध इति इमिना सक स्वगं आराधेतु इति

१२. कि च इमिना कतव्यतरं यथा स्वगारधी

४. उससे यह धर्म-यात्रा (का चलन आरंभ हुआ)।

५. इसमें होता है – ब्राह्मणों तथा श्रमणों का दर्शन और (उनके निमित्त) दान, वयोवृद्धों का दर्शन और (उनका) सुवर्ण से पोषण, जनपद के लोगों का दर्शन, धर्मदेशना और इस (अवसर) के अनुकूल धर्म के वारे में परिप्रश्न (विस्तृत पूछताछ)।

६. यह आनंदातिरेक देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा के (शासन-काल के) अपर भाग में प्राप्त होता है।

गिरनार शिला : नवम अभिलेख

१. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं।

२. ऐसे लोग हैं जो विपत्ति के समय, पुत्र-पुत्री के परिणय के समय, पुत्र-लाभ के समय अथवा प्रवास-काल में नाना प्रकार के मंगलाचार करते हैं। इन और इसी प्रकार के अन्य (अवसरों) पर लोग भिन्न-भिन्न प्रकार के मंगलाचरण करते हैं।

३. परंतु इनमें महिलाएं वहुतेरे और अनेक प्रकार के ओछे और निरर्थक मंगलाचार करती हैं।

४. तो भी, मंगलाचार तो करने ही चाहिएं।

५. परंतु इस प्रकार के मंगलाचार निश्चय ही अल्प फल देने वाले होते हैं।

६. यह जो "धर्ममंगल" है वह मंगलाचार वहुत फल देने वाला होता है।

७. उसमें होता है – दासों तथा भृत्यों के प्रति शिष्ट व्यवहार, वड़ों के प्रति आदर का भाव, प्राणियों के प्रति संयम (और) ब्राह्मणों तथा श्रमणों के निमित्त दान-दक्षिणा। ये और इसी प्रकार के अन्य (आचरण) 'धर्ममंगल' कहलाते हैं।

८. तो पिता, पुत्र, भाई अथवा भर्तार को कहना चाहिए कि यह उत्तम है, उस (अर्थात, अभीष्ट) प्रयोजन की सिद्धि-पर्यंत यह मंगल करना चाहिए।

९. और कहा भी गया है: "दान देना उत्तम है।"

१०. ऐसा कोई दान अथवा उपकार नहीं होता है जैसा कि धर्म का दान अथवा धर्म का उपकार।

११. इसलिए मित्र, सुहृद, जाति-भाई अथवा सहायी द्वारा दृढ़तापूर्वक कहा जाना चाहिए कि ऐसे-ऐसे प्रसंग में यह करना चाहिए, यह उत्तम है, इससे स्वर्ग की प्राप्ति संभव है।

१२. और इससे वढ़ कर करने के लिए रखा ही क्या है कि स्वर्ग मिल जाय।

गिरनार शिला : दशम अभिलेख

१. देवानंपियो प्रियदसि राजा यसो व कीति व न महाथावहा मञते अञ
तदात्यनो दिघाय च मे जनो धंमसुसुंसा सुसुसता धंमवुतं च अनुविधियतां

२. एतकाय देवानंपियो पियदसि राजा यसो व किति व इछति

३. यं तु किचि परिकमते देवानं प्रियदसि राजा त सवं पारत्रिकाय किंति
सकले अपपरिस्रवे अस

४. एस तु परिसवे य अपुंञं

५. दुकरं तु खो एतं छुदकेन व जनेन उसटेन व अञत्र अगेन पराक्रमेन सं
परिचजित्पा

६. ए तु खो उसटेन दुकरं

गिरनार शिला : एकादश अभिलेख

१. देविनंप्रियो पियदसि राजा एवं आह

२. नास्ति एतारिसं दानं यारिसं धंमदानं धंमसंस्तवो वा धंमसंविभागो वा
धंमसंबधो व

३. तत इदं भवति दासभतकम्हि सम्यप्रतिपती मातरि पितरा साधु सुसुसा
मितसस्तुतञातिकानं वाम्हणसमणानं साधु दानं प्राणानं अनारंभो साधु

४. एत वतव्यं पिता व पुत्रेन व भाता व मितसस्तुतञातिकेन व आव
पटीवेसियेहि इद साधु इद कतव्यं

५. सो तथा करु इलोकचस आरधो होति परत च अंनंतं पुइञं भवति तेन
धंमदानेन

गिरनार शिला : दशम अभिलेख

१. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा यश अथवा कीर्ति को (कोई) बड़े महत्त्व की वस्तु नहीं मानते सिवाय इसके कि अभी, और दीर्घ काल तक, उनकी प्रजा धर्म की बात सुनने को लालायित रहे और धर्म का आचरण करे (क्योंकि यह उनका मंतव्य है)।

२. इतने (मात्र) के लिए देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा यश वा कीर्ति की कामना करते हैं।

३. जो कुछ पराक्रम (उद्यम) देवानां (प्रिय) प्रियदर्शी राजा करते हैं वह सब (भवसागर से) पार जाने के लिए है कि कैसे सब (लोग) (अपने-अपने) परिस्रवों (पापकर्मों) से मुक्तप्राय हो जायं।

४. जो अ-पुण्य (अर्थात, पाप) है वही 'परिस्रव' (कहलाता) है।

५. परंतु निश्चय ही किसी छोटे या बड़े व्यक्ति द्वारा बिना सब (आसक्तियां) छोड़े हुए और बिना उत्तम पराक्रम किये हुए यह कर पाना कठिन है।

६. और बड़े व्यक्ति द्वारा तो यह निःसंदेह (अपेक्षाकृत अधिक) दुःसाध्य है।

गिरनार शिला : एकादश अभिलेख

१. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं।

२. ऐसा कोई दान नहीं है जैसा कि धर्म का दान। (ऐसा कोई परिचय नहीं है जैसा कि) धर्म का परिचय। (ऐसा कोई बंटवाड़ा नहीं है जैसा कि) धर्म का बंटवाड़ा। (ऐसा कोई संबंध नहीं है जैसा कि) धर्म का संबंध।

३. उसमें यह होता है कि दासों और भृत्यों के प्रति सम्यक व्यवहार उत्तम होता है; माता-पिता की सेवा उत्तम होती है; मित्रों, परिचितों, जातिभाइयों, ब्राह्मणों तथा श्रमणों को दान देना उत्तम होता है (और) प्राणियों की हिंसा न करना उत्तम होता है।

४. पिता, पुत्र, भाई, मित्र, परिचित, जातिभाई – यहां तक कि पड़ोसियों द्वारा भी – यह कहा जाना चाहिए: "यह उत्तम है, इसे करना चाहिए।"

५. ऐसा करने वाले को उस धर्मदान से इस लोक की प्राप्ति (अर्थात, सिद्धि) होती है और परलोक में असीम पुण्य मिलता है।

गिरनार शिला द्वादश : अभिलेख

१. देवानंपिये पियदसि राजा सवपासंडानि च पवजितानि च घरस्तानि च पूजयति दानेन च विवाधाय च पूजाय पूजयति ने

२. न तु तथा दानं व पूजा व देवानंपियो मंञते यथा किति सारवढी अस सवपासंडानं

३. सारवढी तु बहुविधा

४. तस तु इदं मूलं य वचिगुती किति आत्यपासंडपूजा व परपासंडगरहा व नो भवे अप्रकरणम्हि लहुका व अस तम्हि तम्हि प्रकरणे

५. पूजेतया तु एव परपासंडा तेन तेन प्रकरणेन

६. एवं करं आत्यपासंडं च वढयति परपासंडस च उपकरोति

७. तदंञथा करोतो आत्यपासंडं च खणति परपासंडस च पि अपकरोति

८. यो हि कोचि आत्यपासंडं पूजयति परपासंडं व गरहति सवं आत्यपासंडभतिया किति आत्यपासंडं दीपयेम इति सो च पुन तथ करातो आत्यपासंडं बाढतरं उपहनाति

९. न समवायो एव साधु किति अञमंञस धंमं सुणारु च सुसुंसेर च

१०. एवं हि देवानंपियस इछा किति सवपासंडा बहुसुता च असु कलाणागमा च असु

११. ये च तत्र तत प्रसंना तेहि वतव्यं

१२. देवानंपियो नो तथा दानं व पूजा व मंञते यथा किति सारवढी अस सवपासंडानं

१३. बहका च एताय अथा व्यापता धंममहामाता च इथीझखमहामाता च वचभूमीका च अञे च निकाया

१४. अयं च एतस फल य आत्यपासंडवढी च होति धंमस च दीपना

गिरनार शिला : द्वादश अभिलेख

१. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा सब संप्रदाय वालों, गृहत्यागियों तथा गृहस्थों का सम्मान करते हैं- (वे) दान और विविध प्रकार की अर्चना से उनका सत्कार करते हैं।

२. किंतु देवानांप्रिय दान अथवा अर्चना को उतना (महत्त्वपूर्ण) नहीं मानते जितना इसे कि सब संप्रदायों में सार की वृद्धि हो।

३. सार की वृद्धि अनेक प्रकार से होती है।

४. किंतु इसका मूल आधार यह है कि वाणी पर नियंत्रण बना रहे। सो क्या? कि बिना प्रसंग के अपने संप्रदाय की बड़ाई और अन्य संप्रदाय की निंदा न हो अथवा प्रसंग-विशेष में साधारण-सी (चर्चा) हो।

५. जिस-किसी प्रसंग में अन्य संप्रदायों की प्रशंसा ही की जानी चाहिए।

६. ऐसा करता हुआ (व्यक्ति) अपने संप्रदाय की उन्नति करता है और अन्य संप्रदायों पर उपकार करता है।

७. इसके विपरीत करता हुआ (व्यक्ति) अपने संप्रदाय की हानि करता है और अन्य संप्रदायों का भी अपकार करता है।

८. क्योंकि जो कोई अपने संप्रदाय के प्रति आसक्ति होने के कारण कि कैसे मैं अपने संप्रदाय को प्रकाशित करूं, अपने संप्रदाय की प्रशंसा और अन्य संप्रदायों की निंदा करने लगता है- वह ऐसा करता हुआ वास्तव में अपने संप्रदाय की खूब बढ़-चढ़ कर हानि करता है।

९. इसलिए मेल-जोल ही उत्तम है। सो क्या? कि लोग एक दूसरे के धर्म (अर्थात, धारण करने योग्य तत्त्व) को सुनें और सुनायें।

१०. देवानांप्रिय की ऐसी कामना है कि सब संप्रदाय वाले बहुत विद्वान हों और कल्याण के भागी हों।

११. इसलिए जो अपने-अपने (संप्रदाय में) अनुरक्त हों उनसे कहना चाहिए-

१२. "देवानांप्रिय दान अथवा पूजा-अर्चना को वैसा (महत्त्वपूर्ण) नहीं मानते जैसा- क्या?- कि सब संप्रदायों में सार की वृद्धि हो।"

१३. और इस प्रयोजन के लिए बहुत से धर्ममहामात्र, स्त्र्यध्यक्ष महामात्र, व्रजभूमिक तथा अन्य (अधिकारि-) वर्ग नियुक्त किये गये हैं।

१४. और यह इसका परिणाम है कि अपने संप्रदाय की उन्नति होती है और धर्म का प्रकाशन होता है।

शाहबाजगढ़ी शिला : त्रयोदश अभिलेख

१, अष्टवर्षअभिषिक्तेन देवानंप्रिय प्रियदर्शिन राज्ञा कलिंग विजित

२, दियड्मत्रे प्रणयानमत्रे ये तत्र अपुढे अनयद्यमत्रे तत्र को बहुतवतके व मुटे

३, तदो पछ अधुन कलिंगे विजिते देवानंप्रिय अनुतपये अनुबुधिके च देवानंप्रिय

४, सो अस्ति अनुसोचन देवानंप्रिय विजिनीत कलिंगानि

५, अविहितके हि विजितसमे सो तत्र वध व मरण व अपवहो व जनस ते बहु तेदनियमत्रके गुरुमते च देवानंप्रिय

६, दुढ हि सू तसो मुरुमरुतो देवानंप्रिय

७, सू तत्र खमति कुमय व अलय व हेढे व प्रपेढ पुढम व तेषु विहित एष अनुसिसुसूषु हिरण्यसु सूषु मुरुम सूषु विजितसमतविधिसु दसमतसके समसुसिसु देवानंप्रिय तेष तत्र भोति अपघो व वधो व अविप्रयस्त व निक्रमस

८, तेन त हेव सुनिकमते तेषम अनुनयति व तेष विजितसमतविधिक खमत अनुसिसि तत्र ते हि तेष तं अपघो होति

९, एतिकये च पढे मनुसकुढे पुढमते च देवानंप्रिय

१०, सवत्र च मकटो हेव प्रयतिय व सम प्रियसे

११, हेद समसे कसे सव कलिंग हतो व मुटे व अपवुढ व तत्रो जनपदसे व सहसगुणम व अज मुढमत्र व देवानंप्रिय

१२, हेद हि च अनुतपये देवानंप्रिय प्रियदर्शिनो च देवानंप्रिय ये अनो अपघो

शाहबाजगढ़ी शिला : त्रयोदश अभिलेख

१, देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा के अभिषेक के आठ वर्ष हो चुकने पर (उनके द्वारा) कलिंग पर विजय पायी गयी।

२, वहां से डेढ़ लाख प्राणी बंदी बनाकर बाहर भिजवाये गये, एक लाख वहीं पर मारे गये और इससे कई गुना (अधिक) मर गये।

३, उसके पश्चात अब कलिंग के हस्तगत हो जाने पर देवानांप्रिय का धर्म-अनुशीलन, धर्म के प्रति रुझान और धर्मानुशासन तीव्र हो उठे हैं।

४, कलिंग पर विजय पाकर देवानांप्रिय को पश्चात्ताप हुआ है।

५, क्योंकि अविजित (देश) को विजय करने समय वहां पर लोगों का जो मारना, मरण अथवा निर्वासन होता है वह देवानांप्रिय के मन में बहुत दुःखजनक और गंभीर (बात) है।

६, परंतु देवानांप्रिय के मन में यह और भी गंभीर (बात) है कि -

७, वहां पर जो ब्राह्मण, श्रमण, अन्य संप्रदाय वाले अथवा गृहस्थ निवास करते हैं - जिनमें गुरु जनों की सेवा, माता पिता की सेवा, गुरुजनों की सेवा, मित्रों, परिचितों, सहायकों, जातिभाइयों, दासों एवं भृत्यों के प्रति सम्यक व्यवहार और दृढ़ भक्ति का चलन है - वहां पर उनका आघात, वध अथवा प्रियजनों का देश निकाला होता है।

८, अथवा जो लोग स्वयं तो सुरक्षित होते हैं परंतु उनके मित्र, परिचित, सहायक (अथवा) जातिभाई विपत्तिग्रस्त हो जाते हैं (उनके प्रति उनका) स्नेह अक्षुण्ण होने के कारण उनको भी आघात पहुँचता है।

९, इसके भागीदार सब मनुष्य होते हैं परंतु देवानांप्रिय के लिए यह (और भी) गंभीर (बात) है।

१०, और ऐसा (कोई) नहीं है जिसका किसी न किसी संप्रदाय में अनुराग न होता हो।

११, इसलिए जितने भी लोग उस समय कलिंग में मारे गये, मर गये अथवा निर्वासित हुए, उनका सौवां भाग अथवा हजारवां भाग भी आज देवानांप्रिय के मन में गंभीर (बात) होगी।

१२, और जो कोई भी अहित करे, देवानांप्रिय के मत में, उसे जहां तक बन पड़े क्षमा कर देना चाहिए।

१३. य पि च अटवि देवनंप्रियस विजिते भोति त पि अनुनेति अनुनिजंति

१४. अनुतपे पि च प्रभवे देवनंप्रियस वुचति तेप किति अवत्रपेयु च हंञेयसु

१५. इछति हि देवनंप्रियो सवप्रभुतन अछति संयमं समचरियं रभसियं

१६. अयि च मुखमुत विजये देवनंप्रियस यो धंमविजयो

१७. सो च पुन लधो देवनंप्रियस इह च सवेषु च अंतेषु अ[illegible] योजनशतेषु यत्र अंतियोको नम योनरज पर च तेन अंतियोकेन चतुरे ४ रजा तुरमये नम अंतेकिनि नम मक नम अलिकसुदरो नम निच चोडपंड आ तंबपंणिय

१८. एवमेव हिद रजविषयस्मि योनकंबोयेषु नभकनभिति भोजपितिनिकेषु अंधपालिटेषु सवत्र देवनंप्रियस धंमनुशस्ति अनुवटंति

१९. यत्र पि देवनंप्रियस दुत न व्रजंति ते पि श्रुतु देवनंप्रियस धंमवुत विधनं धंमनुशस्ति धंमं अनुविधियंति अनुविधियशंति च

२०. यो स लधे एतकेन भोति सवत्र विजयो सवत्र पुन विजयो प्रितिरसो सो

२१. लध भोति प्रिति धंमविजयस्मि

२२. लहुक तु खो स प्रिति

२३. परत्रिकमेव महफल मंञति देवनंप्रियो

२४. एतये च अटये अयि धंमलिपि निपिस्त किति पुत्र प्रपोत्र मे असु न विजयं म विजेतविअ मंञिषु स्यकस्मि यो विजये क्षंति च [illegible] च सकेतु च यो विज मञतु यो धंमविजयो

२५. सो हिदलोकिको परलोकिको

१३. और देवानांप्रिय के राज्य में जो वनवासी लोग हैं उनको भी वह अनुनय करते हैं (और अपनी विचारधारा) में डालते हैं।

१४. और उनको जतलाया जाता है कि दुःखी होने पर भी देवानांप्रिय में (दंड देने की) क्षमता है जिससे कि वे (अपने दुराचरण के लिए) लज्जित हों और मृत्यु (-दंड) से बचे रहें।

१५. देवानांप्रिय चाहते हैं कि विश्व के समस्त सब प्राणियों की यथास्थिति, आत्मसंतुलन तथा शांतिपूर्ण चर्या बनी रहे।

१६. और यह जो धर्मविजय है, देवानांप्रिय के मत में यही मुख्य विजय है।

१७. और फिर इसे देवानांप्रिय ने यहां और सब सीमावर्ती राज्यों में छः सौ योजन की दूरी तक - जहां अंतियोक नाम का यवन राजा और उस अंतियोक से परे तुरमय, अंतिकिन, मक (तथा) अलिकसुंदर नाम के चार (४) राजा (राज्य करते) हैं - और नीचे (दक्षिण में) चोल या पांड्य, ताम्रपर्णी तक प्राप्त किया है।

१८. इसी प्रकार यहां राजा के राज्य में, यवनों एवं कंबोजों में, नाभकों तथा नाभितों में, भोजों और पितिनिकों में, आंध्रों एवं पुलिंदों में - सभी जगह देवानांप्रिय के धर्मानुशासन का अनुवर्तन किया जाता है।

१९. जहां-जहां देवानांप्रिय के दूत नहीं जाते हैं, वहां-वहां भी लोग देवानांप्रिय के धर्मवृत्त, विधान तथा धर्मानुशासन को सुनकर धर्म का पालन कर रहे हैं और करते रहेंगे।

२०. इससे जो यह सर्वत्र और बार बार विजय प्राप्त हुई है वह तृप्ति दिलाने वाली है।

२१. धर्म द्वारा विजय प्राप्त करने से (मुझे) तृप्ति प्राप्त हुई है।

२२. परंतु यह तृप्ति वस्तुतः अल्प (महत्व की) है।

२३. देवानांप्रिय (भवसागर से) पार ले जाने वाले (लाभ) को ही बड़ा फल मानते हैं।

२४. और इस प्रयोजन के लिए यह धर्मलिपि लिखवायी गयी है कि मेरे पुत्र, प्रपौत्र जो हों वे नयी विजय को विजय-योग्य न मानें, और यदि इन्हें विजय में रस मिलता ही हो तो वे क्षमा कर देने और हल्का दंड देने में ही रुचि लें और धर्म-विजय को ही (सच्ची) विजय समझें।

२५. वह (विजय) इहलोक और परलोक दोनों में फल देने वाली होती है।

२६. सवचतिरति भोतु य धंमरति

२७. स हि हिदलोकिक परलोकिक

गिरनार शिला : चतुर्दश अभिलेख

१. अयं धंमलिपी देवानंप्रियेन प्रियदसिना राजा लेखापिता अस्ति एव संखितेन अस्ति मझमेन अस्ति विस्ततन

२. न च सर्व सर्वत घटितं

३. महालके हि विजितं बहु च लिखितं लिखापयिसं चेव

४. अस्ति च एत कं पुन पुन वुतं तस तस अधस माधूरताय किंति जनो तथा पटिपजेथ

५. तत्र एकदा असमातं लिखितं अस देसं व सछाय कारणं व अलोचेत्य लिपिकारापरधेन व

धौली शिला : प्रथम पृथक अभिलेख

१. देवानंपियस वचनेन तोसलियं महामात नगलवियोहालका वतविय

२. अं किछि दखामि हकं तं इछामि किंति कंमन पटिपादयेहं दुवालते च आलभेहं

३. एस च मे मोख्यमत दुवाल एतसि अठसि अं तुफेसु अनुसथि

४. तुफे हि बहूसु पानसहसेसुं आयत पनयं गछेम तु मुनिसानं

५. सवे मुनिसे पजा ममा

६. अथा पजाये इछामि हकं किंति सवेन हितसुखेन हिदलोकिक-पाललोकिकेन यूजेवू ति तथा..... मुनिसेसु पि इछामि हकं

७. नो च पापुनाथ आवग-मुके इयं अठे

२६. जो धर्मरति है वही पूर्णतः अतिरति है।

२७. वही इहलौकिकी और पारलौकिकी है।

गिरनार शिला : चतुर्दश अभिलेख

१. यह धर्मलिपि देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा द्वारा लिखवायी गयी है - (यह) संक्षेप में है, मध्यम (आकार) में है (अथवा) विस्तार में है।

२. सब कुछ सब जगह के लिए उपयुक्त नहीं था।

३. क्योंकि (मेरा) साम्राज्य विशाल है और बहुत कुछ लिखा गया है और लिखवाना भी है।

४. इसमें कुछ ऐसा भी है जो किसी-किसी विषय की रोचकता के कारण बार-बार कहा गया है। सो क्यों? (वह इसलिए कि) लोग वैसा प्रतिपादन करें (अर्थात, उसे जीवन में उतारें)।

५. यह देख कर कि (शिला पर) स्थान (की कमी है) अथवा (शिला) क्षति-ग्रस्त है अथवा लिपिकार की भूल से भी इनमें कहीं-कहीं अधूरा लिखा हुआ हो सकता है।

धौली शिला : प्रथम पृथक अभिलेख

१. देवानांप्रिय के हवाले से तोसली के महामात्रों को, जो नगर के न्याय-शासक हैं, (इस प्रकार) कहना चाहिए -

२. मैं जो कुछ (उचित) समझता हूं उसके बारे में चाहता हूं कि कैसे इसे क्रियान्वित करूं और ढंग से इसकी शुरूआत करूं।

३. और मेरे विचार में इसका मुख्य उपाय यह है कि इस प्रयोजन के लिए मैं आपको अनुदेश दूं।

४. आप कितने ही हजारों प्राणियों के बीच स्थापित हैं, (इसलिए कि आप) मनुष्यों का प्रेम प्राप्त कर सकें।

५. सारे मनुष्य मेरी संतान हैं।

६. जिस प्रकार मैं (अपनी) संतान के लिए कामना करता हूं कि वह इहलोक तथा परलोक में हितसुख-लाभी हो वैसे ही (सभी) मनुष्यों के लिए मेरी मनोकामना है।

७. आप नहीं समझते कि मेरा मंतव्य कितना गहरा है।

८. केछ व एकपुलिसे..... नाति एतं से पि देसं नो सवं

९. देखत हि तुफे एतं सुविहिता पि

१०. नितियं एकपुलिसे पि अधि ये बंधनं वा पलिकिलेसं वा पापुनाति

११. तत होति अकस्मा तेन वधनंतिक अंने च.... हु जने दविये दुखीयति

१२. तत इछितविये तुफेहि किंति मझं पटिपादयेमा ति

१३. इमेहि चु जातेहि नो संपटिपजति इसाय आसुलोपेन निठूलियेन तूलनाय अनावूतिय आलसियेन किलमथेन

१४. से इछितविये किति एते जाता नो हुवेवु ममा ति

१५. एतस च सवस मूले अनासुलोपे अतूलना च

१६. नितियं ए किलंते सिया न ते उगछ संचलितविये तु वटितविये एतविये वा

१७. हेवंमेव ए दखेय तुफाक तेन वतविये आनंने देखत हेवं च हेवं च देवानंपियस अनुसथि

१८. से महाफले ए तस संपटिपाद महाअपाये असंपटिपति।

१९. विपटिपादयमीने हि एतं नथि स्वगस आलधि नो लाजालधि

२०. दुआहले हि इमस कंमस मे कुते मनोअतिलेके

२१. संपटिपजमीने चु एतं स्वगं आलाधयिसथ मम च आननियं एहथ

२२. इयं च लिपि तिसनखतेन सोतविया

८. कदाचित कोई एकाध व्यक्ति इसे समझता भी है तो वह भी थोड़ा-सा ही, पूरा नहीं।

९. (अब) आप इस ओर ध्यान दें, जैसी कि आपको सुविधा भी है।

१०. नीति के अनुसरण में कोई ऐसा व्यक्ति हो सकता है जिसे कारावास अथवा यातना का दंड मिला हो।

११. वहां अकस्मात उस बंधन में उसका प्राणांत हो जाता है और दूसरे (बहुत से) लोग लंबे समय तक दुःखी होते रहते हैं।

१२. इसलिए आपको (विचारना) चाहिए कि कैसे मध्यम मार्ग का अनुसरण करें।

१३. परंतु इन प्रवृत्तियों से सम्यक आचरण नहीं हो सकता- ईर्ष्या, अनवधानता, निष्ठुरता, त्वरा (जल्दबाजी), अनावृत्ति (अभ्यास न रहना), आलस्य और क्लांति (थकान)।

१४. इसलिए आपको चेष्टा करनी चाहिए कि ये प्रवृत्तियां मेरी न हों।

१५. और इन सबकी तह में हैं- अवधानता (सजगता) और अ-त्वरा (जल्दबाजी का अभाव, समता)।

१६. जो हर समय थके-थके रहते हैं वे उन्नति नहीं कर सकते। अतः चलना चाहिए, डोलना चाहिए, गतिशील होना चाहिए।

१७. जो इसे इस प्रकार समझ जाय उसे आप लोगों को कहना चाहिए- "आप (राजा के प्रति अपने ऋण से) उऋण होने की ओर ध्यान दें- ऐसी-ऐसी देवानांप्रिय की अनुशास्ति है।

१८. "इसका सम्यक रूप से प्रतिपादन करना बड़ा फलदायक है जबकि प्रतिपादन न करना बड़ा विनाशकारक है।

१९. "क्योंकि (जो लोग) प्रतिपादन नहीं कर पाते हैं उन्हें न तो स्वर्ग की प्राप्ति होती है, और न ही राजा की कृपा।"

२०. इस बारे में मैं इतना अधिक क्यों सोचता हूं उसका कारण यह है कि इस काम से दो फल प्राप्त होते हैं-

२१. इसका सम्यक प्रतिपादन करने से स्वर्ग प्राप्त करोगे और मेरे ऋण से उऋण हो जाओगे।

२२. और इस लिखावट को तिष्य नक्षत्र में (सभी द्वारा) सुना जाना चाहिए।'

२३. अंतला पि च तिसेन खनसि खनसि एकेन पि सोतविय

२४. हेवं च कलंतं तुफे चघथ संपटिपादयितवे

२५. एताये अठाये इयं लिपि लिखित हिद एन नगलवियोहालका सस्वे समयं यूजेवू ति.... नस अकस्मा पलिबोधे व अकस्मा पलिकिलेसे व नो सिया ति

२६. एताये च अठाये हकं.... मते पंचसु पंचसु वसेसु निखामयिसामि ए अखखसे अचंडे सखिनालंभे होसति एतं अठं जानितु.... तथा कलंति अथ मम अनुसथी ति

२७. उजेनिते पि चु कुमाले एताये व अठाये निखामयिस.... हेदिसमेव कं नो च अतिकामयिसति तिंनि वसानि

२८. हेमेव तखसिलाते पि

२९. अदा अ.... ते महामाता निखमिसंति अनुसयानं तदा अहापयितु अतने कंमं एतं पि जानिसंति तं पि तथा कलंति अथ लाजिने अनुसथी ति

जौगड शिला : द्वितीय पृथक अभिलेख

१. देवानंपिये हेवं आह

२. समापायं महमता लाजवचनिक वतविया

३. अं किछि दखामि हकं तं इछामि हकं किंति कं कमन पटिपातयेहं दुवालते च आलभेहं

४. एस च मे मोखियमत दुवाल एतस अथस अं तुफेसु अनुसथि

५. सवमुनिसा मे पजा

२३. और तिष्य (के दिनों) के बीच में भी जैसे-जैसे अवसर मिलता रहे वैसे-वैसे भले ही एक व्यक्ति द्वारा भी इसे सुना जाना चाहिए।

२४. और ऐसा करते हुए आप सम्यक प्रतिपादन करने में समर्थ हो जाओगे।

२५. यहां पर यह लिखावट इस प्रयोजन से लिखी गयी है जिससे कि नगर-व्यवहारक हर समय (सम्यक प्रतिपादन में) लगे रहें और लोगों के अकारण बंधन अथवा उनकी अकारण यातना न हों।

२६. और इस प्रयोजन के लिए मैं पांच-पांच वर्षों के अंतराल पर (एक-एक महामात्र को) जो मृदुल स्वभाव का, शांतप्रकृति और नरमी से काम लेने वाला होगा यह जानने के लिए भिजवाया करूंगा कि क्या (नगर-व्यवहारक) वैसा (ही) कर रहे हैं जैसी कि मेरी अनुशास्ति है।

२७. और उज्जयिनी से भी कुमार इसी प्रयोजन के लिए ऐसे ही (अधिकारि-) वर्ग को भिजवाया करेगा और इसमें तीन वर्ष का अंतराल नहीं होने देगा।

२८. ऐसे ही तक्षशिला से भी।

२९. जब..... वे महामात्र दौरे पर निकलेंगे तब अपने (सामान्य) कार्य की अवहेलना न करते हुए, इसकी भी जानकारी किया करेंगे कि क्या (नगर-व्यवहारक) इस बारे में भी वैसा ही कर रहे हैं जैसी कि राजा की अनुशास्ति है।

जौगड शिला : द्वितीय पृथक अभिलेख

१. देवानांप्रिय ऐसा कहते हैं-

२. समापा में अवस्थित महामात्रों को राजा के हवाले से (यह) बतलाया जाय-

३. मैं जो कुछ (उचित) समझता हूं उसके बारे में चाहता हूं कि कैसे इसे क्रियान्वित करूं और ढंग से इसकी शुरूआत करूं।

४. और मेरे विचार में इसका मुख्य उपाय यह है कि इस प्रयोजन के लिए मैं आपको अनुदेश दूं।

५. सारे मनुष्य मेरी संतान हैं।

६. अथ पजाये इछामि किंति मे सवेणा हितसुखेन युजेयू अथ पजाये
इछामि किंति मे सवेन हितसुखेन युजेयू ति हिदलोगिकपाललोकिकेण हेवंमेव मे
इछ सवमुनिसेसु

७. सिया अंतानं अविजितानं किछांदे सु लाजा अफेसू तिं

८. एताका वा मे इछ अंतेसु पापुनेयु लाजा हेवं इछति अनुविगिन हेवं
ममियाये अस्वसेयु च मे सुखमेव च लहेयू ममते नो खं हेवं च पापुनेयु खमिसति
ने लाजा ए सकिये खमितवे ममं निमितं च धंमं चलेयू ति हिदलोगं च पललोकं
च आलाधयेयू

९. एताये च अठाये हकं तुफेनि अनुसासामि अननं एतकेन हकं तुफेनि
अनुसासितु छंदं च वेदितु आ मम थिति पटिना च अचल

१०. स हेवं कटू कंमं चलितविये अस्वासनिया च ते एन ते पापुनेयु अथा
पित हेवं ने लाजा ति अथ अतानं अनुकंपति हेवं अफेनि अनुकंपति अथा पजा
हेवं मये लाजिने

११. तुफेनि हकं अनुसासित छांदं च वेदित आ मम थिति पटिना चा अचल
सकल्दंसाआयुतिकं होसामी एतसि अर्थासि

१२. अलं हि तुफे अस्वासनाये हितसुखाये च तेसं
हिदलोगिकपाललोकिकाये

१३. हेवं च कलंतं स्वगं च आलाधयिसथ मम च आननंयं एसथ

१४. एताये च अथाये इयं लिपी लिखित हिद एन महामाता सास्वतं समं
युजेयू अस्वासनाये च धंमचलनाये च अंतानं

१५. इयं च लिपी अनुचातुंमासं सोतविया तिसेन

६. जैसे मैं अपनी संतान के लिए कामना करता हूं कि वे कैसे इहलोक तथा परलोक के सर्वप्रकार के हित-सुख के लाभी हों, वैसे ही सब मनुष्यों के लिए मेरी मनोकामना है।

७. अ-विजित सीमावर्ती लोगों के मन में यह जिज्ञासा हो सकती है कि हमारे बारे में राजा क्या सोचते हैं।

८. सीमावर्ती लोगों के बारे में मेरी इतनी अभिलाषा (उन तक) पहुँचानी चाहिए कि राजा ऐसा चाहते हैं कि वे उद्विग्न न हों, मेरे प्रति आश्वस्त हों और मेरे से सुख ही पायें, दुःख नहीं। और उन्हें यह पता चले कि राजा उन्हें यथासंभव क्षमा कर देंगे और वे मेरे निमित्त धर्म पर चलें जिससे कि वे इहलोक और परलोक का सुख प्राप्त कर सकें।

९. और इसी प्रयोजन के लिए मैं आपको अनुदेश देता हूं जिससे कि इससे (उनके प्रति मुझ पर जो ऋण है मैं उससे) उऋण हो सकूं। मैं आपको अनुदेश देता हूं और अपनी मनोकामना जतलाता हूं जो कि मेरी स्थिर वा अटल प्रतिज्ञा है।

१०. इसलिए इस प्रकार आचरण करते हुए आपको (अपना) कर्त्तव्य-(पालन) करना चाहिए और उनको आश्वासन देना चाहिए जिससे वे समझ जायं कि राजा हमारे लिए वैसे ही हैं जैसे कि पिता, जैसे वह अपने पर कृपा करते हैं वैसे ही हमारे पर कृपा करते हैं, हम राजा के लिए वैसे ही हैं जैसे कि (उनकी अपनी) प्रजा।

११. आपको अनुदेश देकर और अपनी मनोकामना जतला कर, जो कि मेरी स्थिर वा अटल प्रतिज्ञा है, मैं इस प्रयोजन के लिए सारे देश में अधिकारी नियुक्त करूंगा।

१२. क्योंकि आप उन्हें आश्वस्त करने और इहलोक तथा परलोक का हित-सुख प्राप्त कराने की क्षमता रखते हैं।

१३. और ऐसा करते हुए (आप) स्वर्ग-लाभ करेंगे और मेरे ऋण से उऋण हो पाएंगे।

१४. और इस प्रयोजन के लिए यहां पर लिखावट लिखी गयी है जिससे कि महामात्र हर समय सीमावर्ती लोगों को भरोसा दिलाने और धर्म में प्रवृत्त करने के काम में लगे रहें।

१५. और इस लिखावट को (सभी द्वारा) प्रत्येक चातुर्मास में तिष्य (नक्षत्र) के दिन सुना जाना चाहिए।

१६. अंतला पि च सोतविया

१७. खने संतं एकेन पि सोतविया

१८. हेवं च कलंतं चयथ संपटिपातयितवे

१६. और (तिष्य के दिनों के) बीच बीच में भी सुना जाना चाहिए।

१७. अवसर मिलने पर भले ही एक व्यक्ति द्वारा ही सुना जाना चाहिए।

१८. और ऐसा करते हुए (आप) सम्यक प्रतिपादन (की दिशा में) यत्नशील होंगे।

खंड (२)

लघु शिलाओं पर उत्कीर्ण अभिलेख

मूल अभिलेख

लघु शिला : रूपनाथ

१. देवानंपिये हेवं आहा

२. सातिरकेकानि अढतियानि व य सुमि प्रकास सके

३. नो चु बाढि पकते

४. सातिलेके चु छवछरे य सुमि हकं सघ उपेते बाढि च पकते

५. या इमाय कालाय जंबुदिपसि अमिसा देवा हुसु ते दानि मिसा कटा

६. पकमसि हि एस फले

७. नो च एसा महतता पापोतवे खुदकेन पि पकममिनेना सकिये पिपुले पा स्वगे आरोधेवे

८. एतिय अठाय च सावने कटे खुदका च उडाला च पकमतु ति अता पि च जानंतु इय पकरा व किति चिरठितिके सिया

९. इय हि अठे वढि वढिसिति विपुल च वढिसिति अपलधियेना दियढि वढिसत

१०. इय च अठे पवतिसु लेखापेत वालत

११. हध च अथि सालाठभे सिलाठंभसि लाखापेतवय त

१२. एतिना च वयजनेना यावतक तुपक अहाले सवर विवसेतवाय ति

१३. व्युठेना सावने कटे

१४. २०० ५० ६ सत विवासा त

हिंदी रूपांतर

लघु शिला : रूपनाथ

१. देवानांप्रिय ऐसा कहते हैं।

२. अढ़ाई वर्ष से कुछ अधिक समय हो गया है जब से मैं प्रकट रूप से उपासक हूं।

३. परंतु मैंने डट कर पराक्रम नहीं किया।

४. परंतु एक वर्ष से कुछ अधिक समय हो गया है जब से मैं संघ हो गया हूं और खूब पराक्रम किया है।

५. जो इस काल में जंबुद्वीप में देवगण (मनुष्यों से) विलग हो गये थे वे अब (मेरे द्वारा उनसे) मिलवा दिये गये हैं।

६. यह पराक्रम का ही फल है।

७. और यह (केवल) बड़े (आदमी) के ही बस में नहीं है (बल्कि) पराक्रम करने वाला छोटा (आदमी) भी, अथाह होने पर भी, स्वर्ग प्राप्त कर सकता है।

८. और इस प्रयोजन के लिए यह घोषणा की गयी है कि छोटे वा बड़े (सभी) पराक्रम करें और (मेरे) सीमावर्ती लोग भी जान जायं कि यही पराक्रम चिरस्थायी हो।

९. क्योंकि यह उद्देश्य आगे-से-आगे बढ़ेगा और खूब बढ़ेगा – कम-से-कम ड्यौढ़ा बढ़ जायगा।

१०. और इस विषय को सुयोग (उपस्थित) होने पर चट्टानों पर लिखवायें।

११. और यहां (अर्थात, मेरे साम्राज्य में जहां कहीं भी) शिलास्तंभ हों (वहां-वहां) शिलास्तंभों पर इसे लिखवाया जाना चाहिए।

१२. और इस (घोषणा की) इबारत के अनुसार, जितनी (दूर तक) आपका अधिकार-क्षेत्र हो, (आप) उन सब स्थानों पर (अपने अधिकारियों को) भिजवायें।

१३. यह घोषणा प्रवास-काल में की गयी।

१४. (तब तक) २५६ पड़ाव (अर्थात, रात्रि-काल) बीत चुके थे।

लघु शिला : कोलकाता - बैराट

१. प्रियदसि लाजा मागधे संघं अभिवादेतूनं आहा अपाबाधतं च फासुविहालतं चा

२. विदिते वे भंते आवतके हमा बुधसि धंमसि संघसी ति गालवे चं प्रसादे च

३. ए केचि भंते भगवता बुधेन भासिते सर्वे से सुभासिते वा

४. ए चु खो भंते हमियाये दिसेया हेवं सधंमे चिलठितीके होसती ति अलहामि हकं तं वातवे

५. इमानि भंते धंमपलियायानि विनयसमुकसे अलियवसाणि अनागतभयानि मुनिगाथा मोनेयसूते उपतिसपसिने ए चा लाघुलोवादे मुसावादं अधिगिच्य भगवता बुधेन भासितं एतानि भंते धंमपलियायानि इछामि किंति बहुके भिखुपाये चा भिखुनिये चा अभिखिनं सुनेयु चा उपधालयेयू चा

६. हेवंमेवा उपासका चा उपासिका चा

७. एतेनि भंते इमं लिखापयामि अभिप्रेतं मे जानंतू ति

लघु शिला : ब्रह्मगिरि

१. सुवंणगिरीते अयपुतस महामाताणं च वचनेन इसिलसि महामाते आरोगियं वतविया हेवं च वतविया

२. देवाणंपिये आणपयति

३. अधिकानि अढातियानि वसानि य हकं.... सके

४. नो तु खो बाढं प्रकंते हुसं एकं सवछरं

५. सातिरेके तु खो संवछरें यं मया संघे उपयीते बाढं च मे पकंते

६. इमिना चु कालेन अमिसा समाना मुनिसा जंबुदीपसि मिसा देवेहि

७. पकमस हि इयं फले

लघु शिला : कोलकाता - बैराट

१. मगध के राजा प्रियदर्शी संघ को अभिवादन करके उनके स्वास्थ्य और सुखविहार की कामना करते हैं।

२. आप भदंतगण को विदित ही है कि मेरे मन में बुद्ध, धर्म और संघ के प्रति कितना आदर एवं अनुराग है।

३. हे भदंतगण! जो कुछ भगवान बुद्ध ने कहा है वह सब सुभाषित ही है।

४. परंतु, भदंतगण! जैसा कि मुझे सुझाई देता है कि सद्धर्म ऐसे चिरस्थायी होगा, उस बारे में मैं यह बतलाना चाहता हूं-

५. भदंतगण! यह परियत्ति है- विनयसमुकसे, अलियवसाणि, अनागतभयानि, मुनिगाथा, मोनेयसूते, उपतिसपसिने और ऐसे ही लाघुलोवाद में मुसावाद के बारे में भगवान बुद्ध ने जो कुछ कहा है। इस परियत्ति को, भदंतगण! मैं चाहता हूं कि बहुत से पूज्य भिक्षु एवं भिक्षुणियां बार-बार सुनें और धारण करें।

६. और इसी प्रकार उपासक तथा उपासिकाएं (भी)।

७. भदंतगण! यह इस प्रयोजन से लिखवाता हूं जिससे कि (लोग) मेरा अभिप्राय जान जायं।

लघु शिला : ब्रह्मगिरि

१. सुवर्णगिरि से कुमार तथा महामात्रों के हवाले से इसिला के महामात्रों के आरोग्य के बारे में पूछा जाय और (तत्पश्चात) यह कहा जाय-

२. देवानांप्रिय की आज्ञा है-

३. कि अढ़ाई वर्ष से अधिक (समय) हुआ है जब से मैं उपासक हूं।

४. परंतु मैंने एक वर्ष तक निःसंदेह डट कर पराक्रम नहीं किया।

५. परंतु एक वर्ष से कुछ अधिक समय हुआ है जब से मैं संघ हो गया हूं और खूब पराक्रम कर रहा हूं।

६. इस काल में जंबुद्वीप में (देवगण से) विलग हुए-हुए मनुष्य उनसे मिलवा दिये गये हैं।

७. यह पराक्रम का ही फल है।

८. नो हीयं सक्ये महात्पेनेव पापोतवे कामं तु खो खुदकेन पि पकमि... णेण विपुले स्वगे सक्ये आराधेतवे

९. एतायठाय इयं सावणे सावापिते.... महात्पा च इमं पकमेयु ति अंता च मे जानेयु चिरठितीके च इयं पक....

१०. इयं च अठे वढिसिति विपुलं पि च वढिसिति अवरधिया दियढिं वढिसिति

११. इयं च सावणे सावापिते व्यूथेन

१२. २०० ५० ६

१३. से हेवं देवाणंपिये आह

१४. मातापितिसु सुसूसितविये हेमेव गरुसु प्राणेसु द्रढितव्यं सचं वतवियं से इमे धंमगुणा पवतितविया

१५. हेमेव अंतेवासिना आचरिये अपचायितविये ञातिकेसु च कं य.... हं पवतितविये

१६. एसा पोराणा पकिती दीघावुसे च एस

१७. हेवं एस कटिविये

१८. चपडेन लिखिते लिपिकरेण

८. निश्चय ही यह केवल बड़े (आदमी) द्वारा ही प्राप्त नहीं किया जा सकता है बल्कि, चाहना होने पर, छोटे (आदमी) द्वारा भी पराक्रम करते हुए, नि:संदेह, विपुल स्वर्ग प्राप्त किया जा सकता है।

९. इस प्रयोजन के लिए यह प्रज्ञापन करवाया गया है कि (छोटे) और बड़े (सभी) यह पराक्रम करें और मेरे सीमावर्ती लोग भी (इसे) जान जायं और यह पराक्रम चिरस्थायी हो।

१०. और यह उद्देश्य बढ़ेगा और खूब बढ़ेगा - कम से कम डेढ़ गुना (बढ़ जायगा)।

११. और यह प्रज्ञापन (मेरे) प्रवास-काल में किया गया है।

१२. (इस समय तक) २५६ (रात्रि-विश्राम किये जा चुके हैं)।

१३. और भी देवानांप्रिय का यह कहना है -

१४. माता-पिता की सेवा करनी चाहिए (और) ऐसे ही गुरुजनों की, प्राणियों के प्रति (दयाभाव को) दृढ़ करना चाहिए, सच बोलना चाहिए - तो इन धर्मों के गुणों को व्यवहार में उतारना चाहिए।

१५. इसी प्रकार (आचार्य के सान्निध्य में रहने वाले) शिष्य द्वारा आचार्य का आदर-सत्कार किया जाना चाहिए और जातिभाइयों के साथ यथायोग्य बर्ताव किया जाना चाहिए।

१६. यह सनातन रीति है और इससे आयु बढ़ती है।

१७. इसी के अनुसार (कार्य) करना चाहिए।

१८. लिपिकार चपड द्वारा लिखा गया।

खंड (३)

लघु स्तंभों पर उत्कीर्ण अभिलेख

मूल अभिलेख

लघु स्तंभ : सारनाथ

१-३. देवा.... ए ल.... पाट.... ये केनपि संघे भेतवे

४. ए चु खो भिखू वा भिखुनि वा संघं भाखति से ओदातानि दुसानि संनंधापयिया आनावाससि आवासयिये

५. हेवं इयं सासने भिखुसंघसि च भिखुनिसंघसि च विनपयितविये

६. हेवं देवानंपिये आहा

७. हेदिसा च इका लिपी तुफाकंतिकं हुवाति संसलनसि निखिता इकं च लिपिं हेदिसमेव उपासकानंतिकं निखिपाथ

८. ते पि च उपासका अनुपोसथं यावु एतमेव सासनं विस्वंसयितवे अनुपोसथं च धुवाये इकिके महामाते पोसथाये याति एतमेव सासनं विस्वंसयितवे आजानितवे च

९. आवते च तुफाकं आहाले सवत विवासयाथ तुफे एतेन वियंजनेन

१०. हेमेव सवेसु कोटविषवेसु एतेन वियंजनेन विवासापयाथा

हिंदी रूपांतर

लघु स्तंभ : सारनाथ

१. देवा (नांप्रिय) .....

२. ..... पाट (लिपुत्र).....

३. ..... किसी के भी द्वारा संघ का भेदन (नहीं किया जा सकता)।

४. परंतु यदि कोई भिक्षु अथवा भिक्षुणी संघ का भेदन करे तो उसे श्वेत वस्त्र पहनवा कर (भिक्षुओं-भिक्षुणियों के) अयोग्य स्थान पर बसाया जाना चाहिए।

५. इस प्रकार यह आदेश भिक्षुओं के संघ में और भिक्षुणियों के संघ में जानकारी में लाया जाना चाहिए।

६. देवानांप्रिय ऐसा कहते हैं -

७. इस प्रकार की एक लिखावट आपके पास चौपाल में रखी हुई हो और ऐसी ही एक लिखावट उपासकों के पास रखें।

८. और वे उपासक भी हर उपोसथ के दिन इस आदेश के प्रति (अपना) विश्वास जमाने के लिए आयें और निश्चित रूप से प्रत्येक उपोसथ के दिन प्रत्येक महामात्र इसी आदेश के प्रति (अपना) विश्वास जमाने और इसे पूरी तरह समझने के लिए उपोसथ में आयें।

९. और जहां तक आपका अधिकार-क्षेत्र है, वहां तक सब जगह यह आदेश लेकर (आप) दौरा करें।

१०. और इसी प्रकार सब दुर्गम प्रदेशों में इस आदेश के साथ (अपने अधीनस्थ अधिकारियों को) भिजवायें।

लघु स्तंभ : रुम्मिनदेई

१. देवानपियेन पियदसिन लाजिन वीसतिवसाभिसितेन अतन आगाच महीयिते हिद बुधे जाते सक्यमुनी ति

२. सिला विगडभी चा कालापित सिलाथभे च उसपापिते हिद भगवं जाते ति

३. लुंमिनिगामे उबलिके कटे अठभागिये च

लघु स्तंभ : निगली सागर

१. देवानंपियेन पियदसिन लाजिन चोदसवसाभिसितेन बुधस कोनाकमनस थुबे दुतियं वढिते

२. ..... साभिसितेन च अतन आगाच महीयिते..... पापिते

लघु स्तंभ : रुम्मिनदेई

१. अभिषेक के बीस वर्ष हो चुकने पर देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा द्वारा स्वयं (यहां) आकर पूजन किया गया क्योंकि यहां पर शाक्यमुनि बुद्ध का जन्म हुआ था।

२. (उनके द्वारा यहां पर) पत्थर की बहुत बड़ी दीवार बनवायी गयी और शिला-स्तंभ खड़ा करवाया गया क्योंकि यहां पर भगवान की उत्पत्ति हुई थी।

३. लुंबिनी ग्राम के धार्मिक कर माफ कर दिये गये और मालगुजारी के रूप में केवल आठवां हिस्सा (रखा गया)।

लघु स्तंभ : निगली सागर

१. अभिषेक के चौदह वर्ष हो चुकने पर देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा द्वारा कोणागमन बुद्ध का स्तूप दूसरी बार बड़ा करवाया गया।

२. और अभिषेक के (बीस) वर्ष हो चुकने पर (उन्होंने यहां) स्वयं आकर पूजा की (और एक शिला-स्तंभ खड़ा) करवाया।

खंड (४)

स्तंभों पर उत्कीर्ण अभिलेख

मूल अभिलेख

स्तंभ देहली-टोपरा : प्रथम अभिलेख

१. देवानंपिये पियदसि लाज हेवं आहा

२. सडुवीसतिवसअभिसितेन मे इयं धंमलिपि लिखापिता

३. हिदतपालते दुसंपटिपादये अंनत अगाया धंमकामताया अगा
पलीखाया अगाय सुसूसाया अगेन भयेना अगेन उसाहेना

४. एस चु खो मम अनुसथिया धंमापेखा धंमकामता चा सुवे सुवे वढि
वढीसति चेवा

५. पुलिसा पि च मे उकसा चा गेवया चा मझिमा चा अनुविधीयं
संपटिपादयंति चा अलं चपलं समादपयितवे

६. हेमेवा अंतमहामाता पि

७. एस हि विधि या इयं धंमेन पालना धंमेन विधाने धंमेन सुखियना धं
गोती ति

स्तंभ देहली-टोपरा : द्वितीय अभिलेख

१. देवानंपिये पियदसि लाज हेवं आहा

२. धंमे साधू कियं चु धंमे ति

३. अपासिनवे बहु कयाने दया दाने सचे सोचये

४. चखुदाने पि मे बहुविधे दिंने

५. दुपदचतुपदेसु पखिवालिचलेसु विविधे मे अनुगहे कटे आ पानदाखिनं

६. अंनानि पि च मे बहूनि कयानानि कटानि

७. एताये मे अठाये इयं धंमलिपि लिखापिता हेवं अनुपटिपजं
चिलंथितिका च होतू ती ति

८. ये च हेवं संपटिपजीसति से सुकटं कछती ति

हिंदी रूपांतर

स्तंभ देहली-टोपरा : प्रथम अभिलेख

१. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं –

२. अभिषेक के २६ वर्ष हो चुकने पर मेरे द्वारा यह धर्मलिपि लिखवायी गयी है।

३. बिना तीव्र धर्म-कामना, कठोर परीक्षा, उत्कृष्ट सेवा, आत्ययिक भय और अदम्य उत्साह के इहलोक तथा परलोक का सुख प्राप्त करना कठिन है।

४. और निश्चय ही मेरी अनुशास्ति के कारण यह धर्म की अपेक्षा और धर्म की कामना दिन प्रतिदिन बढ़ी है और बढ़ती ही चली जायगी।

५. और ऊंची, नीची तथा मध्यम श्रेणी के मेरे (राज-) पुरुष भी इसका अनुसरण और सम्यक रूप से प्रतिपादन करते हैं जिससे वे चंचल चित्त वालों को (इस ओर) प्रेरित करने में समर्थ हैं।

६. ऐसे ही मेरे अंतमहामात्र भी।

७. क्योंकि (इन सब के लिए मेरे द्वारा) यही विहित है – धर्मानुसार पालन (-पोषण), धर्मानुसार शासन, धर्मानुसार सुख पहुँचाना (और) धर्मानुसार रक्षा।

स्तंभ देहली-टोपरा : द्वितीय अभिलेख

१. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं –

२. धर्म श्रेष्ठ है, परन्तु धर्म है क्या?

३. पाप-कर्मों से दूर रहना, खूब सत्कर्म करना, दया, दान, सत्य (और) शुचिता (पवित्रता)।

४. मेरे द्वारा अनेक प्रकार के चक्षुदान भी किये गये हैं।

५. दुपायों और चौपायों पर, और खे-चरों तथा जल-चरों पर प्राणदान देने तक मैंने नाना प्रकार के उपकार किये हैं।

६. मेरे द्वारा और भी बहुत से कुशल कार्य किये गये हैं।

७. मेरे इस प्रयोजन के लिए यह धर्मलिपि लिखवायी गयी है कि (लोग) इसके अनुसार आचरण करें और यह चिरस्थायी हो।

८. और जो इसके अनुसार सम्यक आचरण करेगा वह सुकृत (सत्कर्म) (ही) करेगा।

स्तंभ देहली-टोपरा : तृतीय अभिलेख

१. देवानंपिये पियदसि लाज हेवं आहा

२. कयानंचि देखति इयं मे कयाने कटे ति

३. नो मिन पापं देखति इयं मे पापे कटे ति इयं वा आसिनवे नामा हि

४. दुपटिवेखे चु खो एसा

५. हेवं चु खो एस देखिये

६. इमानि आसिनवगामीनि नाम अय चंडिये निठूलिये कोधे माने इस्से कालुसेन व हके मा पलिभसयिसं

७. एस बाढ देखिये

८. इयं मे हिदतिकाये इयंमन मे पालतिकाये

स्तंभ देहली-टोपरा : चतुर्थ अभिलेख

१. देवानंपिये पियदसि लाज हेवं आहा

२. सडुवीसतिवसअभिसितेन मे इयं धंमलिपि लिखापिता

३. लजूका मे बहुसु पानसतसहसेसु जनसि आयता

४. तेसं ये अभिहाले वा दंडे वा अतपतिये मे कटे किंति लजूका अस्वथ अभीता कंमानि पवतयेवू जनस जानपदसा हितसुखं उपदहेवू अनुगहिनेवु चा

५. सुखीयनदुखीयनं जानिसंति धंमयुतेन च वियोवदिसंति जनं जानपदं किंति हिदतं व पालतं च आलाधयेवू ति

६. लजूका पि लघंति पटिचलितवे मं

७. पुलिसानि पि मे छंदनानि पटिचलिसंति

स्तंभ देहली-टोपरा : तृतीय अभिलेख

१. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं-

२. (मनुष्य) (अपना) भला काम ही देखता है (और अपने मन में सोचता है:) "मैंने यह भला काम किया है।"

३. (वह अपना) बुरा काम जरा भी नहीं देखता (और अपने मन में नहीं सोचता है:) "मैंने यह पाप-कर्म किया है", अथवा "यह आसिनव (बांधने वाला कर्म) है।"

४. इसकी पहचान करना बड़ा कठिन कार्य है।

५. परंतु इसे, निःसंदेह, इस प्रकार देखना चाहिए-

६. प्रचंडता, निष्ठुरता, क्रोध, अभिमान (और) ईर्ष्या - ये क्लेश को प्राप्त कराने वाले हैं। इस कारण से मैं कहीं पतित न हो जाऊं।

७. इसे अच्छी तरह जान लेना चाहिए-

८. यह मेरे ऐहिक (लाभ) के लिए है और यह दूसरा मेरे पारलौकिक (लाभ) के लिए।

स्तंभ देहली-टोपरा : चतुर्थ अभिलेख

१. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं-

२. अभिषेक के २६ वर्ष हो चुकने पर मेरे द्वारा यह धर्मलिपि लिखवायी गयी है।

३. मेरे 'रज्जुक' (नाम के अधिकारी) कई लाख प्राणियों और मनुष्यों के बीच नियुक्त हैं।

४. उनको अभियोग चलाने अथवा दंड देने के मामलों में मैंने उन्हीं के विवेक पर छोड़ दिया है। क्यों? (जिससे कि) रज्जुक आश्वस्त और निर्भय होकर कर्मों में प्रवृत्त हों, देशवासियों को हित-सुख प्रदान करें और (उनका) उपकार करें।

५. वे सुख-दुःख (के कारणों) को जानेंगे और धर्म का पालन करने वाले (व्यक्तियों की सहायता से) देशवासियों को प्रेरित करेंगे जिससे कि वे इस लोक और परलोक (का सुख) प्राप्त कर सकें।

६. रज्जुक भी मेरी आज्ञा का पालन करने के लिए उत्सुक रहते हैं।

७. (सामान्य) (राज-) पुरुष भी मेरी इच्छाओं के अनुसार चलेंगे।

८. और दे भी कुछेक को प्रेरित करेंगे जिससे कि मेरे रज्जुक मुझे प्रसन्न कर सकें।

९. जैसे कोई (व्यक्ति) (अपनी) संतान को (किसी) निपुण धाय को सौंप कर आश्वस्त हो जाता है कि (वह) निपुण धाय मेरी संतान का भली प्रकार लालन-पालन कर सकेगी, ऐसे ही मेरे रज्जुक लोगों के हित-सुख के लिए (नियुक्त) किये गये हैं।

१०. मैंने इसलिए रज्जुकों को अभियोग चलाने तथा दंड देने के मामलों में उनके विवेक पर छोड़ दिया है जिससे कि ये निडर और आश्वस्त होकर प्रसन्न चित्त से (अपने-अपने) कार्यों में लग जायं।

११. यह वांछनीय है - क्या? कि न्यायिक प्रक्रिया और दंड देने में एकरूपता हो।

१२. और मेरा आदेश तो यहां तक है कि कारागार में बंदी बनाये गये मनुष्यों में से दंड के फलस्वरूप जिनका वध होना है उन्हें मेरी ओर से तीन दिन की मोहलत है।

१३. (इस अवधि में) उनके (सार्थक) जीवन के लिए उनके जाति वाले कोई लेख उनको ध्यान करायेंगे और ध्यान कराने वाला न होने पर वे दान दे सकेंगे अथवा परलोक में शांति पाप्त करने के लिए उपवास कर सकेंगे।

१४. क्योंकि मेरी इच्छा है कि (वे) इस प्रकार कैद के दिनों में भी पारलौकिक सुख के लिए चलशील रहें।

१५. और (इस प्रकार) लोगों में विविध प्रकार के धर्माचरण, (आत्म-) संयम और दान देने की प्रवृत्ति बढ़ती है।

स्तंभ देहली-टोपरा : पंचम अभिलेख

१. देवानांपिये पियदसी राजा ऐसा कहते हैं -

२. (मेरे) अभिषेक के २६ वर्ष हो चुकने पर मेरे द्वारा इन प्राणियों को 'अवध्य' घोषित किया गया है, जैसे - तोता, मैना, अरुण, चकवा, हंस, नंदीमुख, गेलाट, जतुका, छोटी चींटी, कछुवी, बिना हाड़ वाला मछ, वेदवेयक, गंगापुपुटक, शंकुल-मत्स्य, कछुवा और शल्यक, पर्णशश, बारहसिंगा, सांड, ओकपिंड, गैंडा, श्वेत कपोत, ग्राम कपोत (और) सभी चौपाये जो उपयोग में नहीं आते और न खाये जाते हैं।

३. ..... एळका चा सूकली चा गभिनी व पायमीना व अवधिय- ए-
तके पि च कानि आसंमासिके

४. वधिकुकुटे नो कटविये

५. तुसे सजीवे नो झापेतविये

६. दावे अनठाये वा विहिसाये वा नो झापेतविये

७. जीवेन जीवे नो पुसितविये

८. तीसु चातुंमासीसु तिसायं पुंनमासियं तिंनि दिवसानि चावुदसं पंनडसं
पटिपदाये धुवाये चा अनुपोसथं मछे अवधिये नो पि विकेतविये

९. एतानि येवा दिवसानि नागवनसि केवटभोगसि यानि अंनानि पि
जीवनिकायानि न हंतवियानि

१०. अठमीपखाये चावुदसाये पंनडसाये तिसाये पुनावसुने तीसु
चातुंमासीसु सुदिवसाये गोने नो नीलखितविये अजके एडके सूकले ए वा पि
अंने नीलखियति नो नीलखितविये

११. तिसाये पुनावसुने चातुंमासिये चातुंमासिपखाये अस्वसा गोनसा लखं
नो कटविये

१२. यावसडुवीसतिवसअभिसितेन मे एताये अंतलिकाये पंनवीसति
बंधनमोखानि कटानि

स्तंभ देहली-टोपरा : षष्ठ अभिलेख

१. देवानंपिये पियदसि लाज हेवं अहा

२. दुवाडसवसअभिसितेन मे धंमलिपि लिखापिता लोकसा हितसुखाये से
अपहटा तं तं धंमवढि पापोवा

३. हेवं लोकसा हितसुखे ति पटिवेखामि अथ इयं नातिसु हेवं पतियासंनेसु
हेवं अपकटेसु किमं कानि सुखं अवहामी ति तथ च विदहामि

३. गर्भिणी अथवा दूध पिलाने वाली (बकरी,) भेड़ और सूकरी (भी)
अवध्य हैं- और छः माह तक की आयु वाले इनके बच्चे भी।

४. मुर्गों को बधिया नहीं किया जाना चाहिए।

५. जिस भूसे में जीव हों उसे नहीं जलाया जाना चाहिए।

६. बिना किसी प्रयोजन के अथवा (प्राणियों की) विहिंसा के लिए जंगल
को आग नहीं लगानी चाहिए।

७. जीव से जीव का पोषण नहीं किया जाना चाहिए।

८. तीनों चौमासों में और तैष की पूनम के तीन दिनों तक- अर्थात
चौदहवीं, पंद्रहवीं और प्रतिपदा को- और उपोसथ के दिनों में ध्रुव-नियम के
समान मछली न तो मारी जानी चाहिए और न ही इसका विक्रय होना चाहिए।

९. इन्हीं दिनों में हस्तिवन में, अथवा मछुआरों के तालाब में, जो कोई
दूसरे जीव-समुदाय हों उनका भी हनन नहीं किया जाना चाहिए।

१०. प्रत्येक पक्ष की अष्टमी, चौदस और पंचदशी को, तिष्य और पुनर्वसु
के दिन, तीनों चौमासों की पूर्णिमा के दिन और शुभ दिनों में बैलों को बधिया
नहीं किया जाना चाहिए। (इसी प्रकार) बकरों, मेढ़ों, सूअरों, अथवा अन्य
जानवरों को जिनको (प्रायः) बधिया किया जाता है, बधिया नहीं किया जाना
चाहिए।

११. तिष्य, पुनर्वसु, ऋतुओं की पूर्णिमाओं के दिन, और प्रत्येक ऋतु की
पूर्णिमा वाले पक्ष में घोड़ों और बैलों को दागा नहीं जाना चाहिए।

१२. छब्बीस वर्ष पहले अपने अभिषेक के समय से लेकर इस अंतराल में
मेरे द्वारा पच्चीस बार (बंदियों की) बंधन से रिहाई करवायी गयी है।

स्तंभ देहली-टोपरा : षष्ठ अभिलेख

१. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं-

२. अभिषेक के बारह वर्ष हो चुकने पर मेरे द्वारा लोगों के हित-सुख के
लिए धर्मलिपि लिखवायी गयी जिससे कि वे उसकी अवज्ञा न करते हुए धर्म
में अनेक प्रकार की पुष्टता प्राप्त कर सकें।

३. (यह सोच कर कि) "इसी प्रकार लोगों का हित-सुख हो सकता है", मैं
केवल (अपने) जातिभाइयों का ही ध्यान नहीं रखता हूं, अपितु उनका भी जो
समीप हैं अथवा दूर हैं, जिससे कि मैं उन्हें सुख पहुँचा सकूं और (फिर) मैं
वैसी ही व्यवस्था कर देता हूं।

४. हेमेवा सवनिकायेसु पटिवेखामि
५. सवपासंडा पि मे पूजिता विविधाय पूजाया
६. ए चु इयं अतना पचूपगमने से मे मोख्यमते
७. सडुवीसतिवसअभिसितेन मे इयं धंमलिपि लिखापिता

स्तंभ देहली-टोपरा : सप्तम अभिलेख

१. देवानंपिये पियदसि लाजा हेवं आहा
२. ये अतिकंतं अंतलं लाजाने हुसु हेवं इछिसु कथं जने धंमवढिया वढेया नो चु जने अनुलुपाया धंमवढिया वढिथा
३. एतं देवानंपिये पियदसि लाजा हेवं आहा
४. एस मे हुथा
५. अतिकंतं च अंतलं हेवं इछिसु लाजाने कथं जने अनुलुपाया धंमवढिया वढेया ति नो च जने अनुलुपाया धंमवढिया वढिथा
६. से किनसु जने अनुपटिपजेया
७. किनसु जने अनुलुपाया धंमवढिया वढेया ति
८. किनसु कानि अभ्युंनामयेहं धंमवढिया ति
९. एतं देवानंपिये पियदसि लाजा हेवं आहा
१०. एस मे हुथा
११. धंमसावनानि सावापयामि धंमानुसथिनि अनुसासामि
१२. एतं जने सुतु अनुपटीपजीसति अभ्युंनमिसति धंमवढिया च बाढं वढिसति
१३. एताये मे अठाये धंमसावनानि सावापितानि धंमानुसथिनि विविधानि आनपितानि य..... सा पि बहुने जनसि आयता ए ते पलियोवदिसंति पि पवियलिसंति पि
१४. लजूका पि बहुकेसु पानसतसहसेसु आयता ते पि मे आनपिता हेवं च हेवं च पलियोवदाथ जनं धंमयुतं
१५. देवानंपिये पियदसि हेवं आहा
१६. एतमेव मे अनुवेखमाने धंमथंभानि कटानि धंममहामाता कटा धंम..... कटे

४. ऐसे ही मैं सभी वर्गों का ध्यान रखता हूं।
५. सभी संप्रदाय भी विविध प्रकार की पूजा से मेरे द्वारा पूजित हैं।
६. किंतु यह जो (लोगों तक) स्वयं पहुँचना है वह मेरे मत में मुख्य बात है।
७. अभिषेक के २६ वर्ष हो चुकने पर मेरे द्वारा यह धर्मलिपि लिखवायी गयी है।

स्तंभ देहली-टोपरा : सप्तम अभिलेख

१. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं –
२. जो अतीत काल में राजा हुए वे भी ऐसा चाहते थे कि कैसे लोग धर्म में पुष्ट हों किंतु लोग तदनुरूप धर्म में पुष्ट नहीं हुए।
३. इस बारे में देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं –
४. मेरे मन में यह विचार आया –
५. अतीत काल में राजाओं ने ऐसी चाहना की थी कि लोग कैसे समान रूप से धर्म में पुष्ट हों किंतु लोग तदनुरूप धर्म में पुष्ट नहीं हुए।
६. तो किस प्रकार लोग धर्म का अनुसरण करें?
७. किस प्रकार लोग समुचित रूप से धर्म में पुष्ट हों?
८. कैसे उनको धर्म में पुष्ट कर ऊंचा उठाऊं?
९. इस विषय में देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं –
१०. मुझे यह सुझाई दिया –
११. मैं धर्मोपदेश सुनवाऊं (और) धर्माचरण सिखलाऊं।
१२. इसे सुनकर लोग इसका अनुसरण करेंगे, ऊंचा उठेंगे और धर्म में खूब पुष्ट होंगे।
१३. इस प्रयोजन के लिए मेरे द्वारा धर्मोपदेश सुनवाये गये हैं (और) विविध प्रकार के धर्मानुशासन आज्ञप्त किये गये हैं जिससे कि मेरे (राजपुरुष) भी, जो कि बहुत से लोगों के बीच तैनात हैं, इसका प्रचार और प्रसार करेंगे।
१४. रज्जुक भी कितने ही लाखों प्राणियों पर तैनात हैं– उन्हें भी मैंने आदेश दिया हुआ है कि इस-इस प्रकार से धर्मपरायण लोगों को प्रेरित करो।
१५. देवानांप्रिय प्रियदर्शी ऐसा कहते हैं –
१६. इसी को ध्यान में रखते हुए मेरे द्वारा धर्म-स्तंभ लगवाये गये हैं, धर्म-महामात्र नियुक्त किये गये हैं (और) धर्मोपदेश सुनवाये गये हैं।

१७. देवानंपिये पियदसि लाजा हेवं आहा

१८. मगेसु पि मे निगोहानि लोपापितानि छायोपगानि होसंति पसुमुनिसानं अंबावडिक्या लोपापिता

१९. अढकोसिक्यानि पि मे उदुपानानि खानापापितानि निंसिढया च कालापिता

२०. आपानानि मे बहुकानि तत तत कालापितानि पटीभोगाये पसुमुनिसानं

२१. ल.... एस पटीभोगे नाम

२२. विविधाया हि सुखायनाया पुलिमेहि पि लाजीहि ममया च सुखयिते लोके

२३. इमं चु धंमानुपटीपती अनुपटीपजंतु ति एतदथा मे एस कटे

२४. देवानंपिये पियदसि हेवं आहा

२५. धंममहामाता पि मे ते बहुविधेसु अठेसु आनुगहिकेसु वियापटासे पवजीतानं चेव गिहिथानं च सव... डेसु पि च वियापटासे

२६. संघठसि पि मे कटे इमे वियापटा होहंति ति हेमेव बाभनेसु आजीविकेसु पि मे कटे इमे वियापटा होहंति ति निगंठेसु पि मे कटें इमे वियापटा होहंति नानापासंडेसु पि मे कटे इमे वियापटा होहंति ति पटिविसिठं पटीविसिठं तेसु तेसु ते.... माता

२७. धंममहामाता चु मे एतेसु चेव वियापटा सवेसु च अंनेसु पासंडेसु

२८. देवानंपिये पियदसि लाजा हेवं आहा

२९. एते च अंने च बहुका मुखा दानविसगसि वियापटासे मम चेव देविनं च सवसि च मे ओलोधनसि ते बहुविधेन आकालेन तानि तानि तुठायतनानि पटी..... हिद चेव दिसासु च

३०. दालकानं पि च मे कटे अंनानं च देविकुमालानं इमे दानविसगेसु वियापटा होहंति ति धंमापदानठाये धंमानुपटिपतिये

१७. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं-

१८. मार्गों पर भी मेरे द्वारा वट-वृक्ष लगवाये गये हैं जिससे वे पशुओं और मनुष्यों को छाया दे सकें (और) आम के बागीचे (भी) लगवाये गये हैं।

१९. आधे-आधे कोस पर मेरे द्वारा कुएं खुदवाये गये हैं (और) विश्राम-स्थल बनवाये गये हैं।

२०. पशुओं और मनुष्यों के उपभोग के लिए मेरे द्वारा जहां-तहां बहुत से प्याऊ बनवाये गये हैं।

२१. (परंतु) यह तथाकथित 'उपभोग' तुच्छ हैं।

२२. क्योंकि (मेरे) पूर्ववर्ती राजाओं ने और मैंने भी विविध प्रकार से (सांसारिक) सुख पहुँचाने वाले कार्यों से लोगों को सुखी बनाया था।

२३. इस धर्माचरण का लोग अनुसरण करें- इस प्रयोजन से यह (कार्य) मैंने (ही) किया है।

२४. देवानांप्रिय प्रियदर्शी ऐसा कहते हैं-

२५. मेरे वे धर्ममहामात्र भी गृह-त्यागियों तथा गृहस्थों के अनेक प्रकार के कल्याणकारी कार्यों में लगे हुए हैं और सब संप्रदायों में भी व्याप्त हैं।

२६. मेरे द्वारा (ऐसी) व्यवस्था की गयी है कि ये संघ के कार्यों के लिए भी व्यापृत रहेंगे; इसी प्रकार मेरे द्वारा व्यवस्था की गयी है कि ये ब्राह्मणों तथा आजीवकों में भी व्यापृत रहेंगे; मेरे द्वारा व्यवस्था की गयी है कि ये निर्ग्रंथों में भी व्यापृत रहेंगे; मेरे द्वारा व्यवस्था की गयी है कि ये विभिन्न संप्रदायों में भी व्यापृत रहेंगे- (इस प्रकार) प्रत्येक प्रकार की विशेषता के अनुसार उन-उन (वर्गों) में वे महामात्र (व्यापृत रहेंगे)।

२७. और मेरे धर्ममहामात्र इनमें तथा अन्य सब संप्रदायों में व्यापृत हैं।

२८. देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं-

२९. ये तथा अन्य बहुत से मुख्य (अधिकारी) मेरा तथा रानियों का दान बांटने में लगे रहते हैं और यहां तथा प्रांतों में, मेरे समूचे रनिवास में अनेक विधियों से भिन्न-भिन्न प्रकार के तुष्टि प्रदान करने वाले कार्य करते रहते हैं।

३०. और मेरे द्वारा व्यवस्था की गयी है कि वे धर्म-संबंधी उत्तम कार्यों (की बढ़ोतरी) के लिए और धर्माचरण के लिए (मेरे) लड़कों और अन्य रानियों के लड़कों का दान बांटने में भी लगे रहें।

३१. एस हि धंमापदाने धंमपटीपति च या इयं दया दाने सचे सोचवे मदवे साधवे च लोकस हेवं वढिसति ति

३२. देवानंपिये प.....स लाजा हेवं आहा

३३. यानि हि कानिचि ममिया साधवानि कटानि तं लोके अनूपटीपंने तं च अनुविधियंति

३४. तेन वढिता च वढिसंति च मातापितिसु सुसुसाया गुलुसु सुसुसाया वयोमहालकानं अनुपटीपतिया बाभनसमनेसु कपनवलाकेसु आव दासभटकेसु संपटीपतिया

३५. देवानंपिय.... यदसि लाजा हेवं आहा

३६. मुनिसानं चु या इयं धंमवढि वढिता दुवेहि येव आकालेहि धंमनियमेन च निझतिया च

३७. तत चु लहु से धंमनियमे निझतिया व भुये

३८. धंमनियमे चु खो एस ये मे इयं कटे इमानि च इमानि जातानि अवधियानि

३९. अंनानि पि चु बहुक.... धंमनियमानि यानि मे कटानि

४०. निझतिया व चु भुये मुनिसानं धंमवढि वढिता अविहिंसाये भुतानं अनालंभाये पानानं

४१. से एताये अथाये इयं कटे पुतापपोतिके चंदमसुलियिके होतु ति तथा च अनुपटीपजंतु ति

४२. हेवं हि अनुपटीपजंतं हिदतपालते आलधे होति

४३. सतविसतिवसाभिसितेन मे इयं धंमलिबि लिखापापिता ति

४४. एतं देवानंपिये आहा

४५. इयं धंमलिबि अत अथि सिलाथंभानि वा सिलाफलकानि वा तत कटविया एन एस चिलठितिके सिया

३१. क्योंकि धर्म-संबंधी उत्तम कार्य और धर्माचरण यह है जो ये दया, दान, सत्य, पवित्रता, मृदुता और साधुता इस विधि से लोगों में बढ़ेंगे।

३२. देवानांप्रिय (प्रियदर्शी) राजा ऐसा कहते हैं –

३३. मेरे द्वारा जो कोई भले काम किये गये हैं लोगों ने उनका अनुसरण किया है और (आगे भी) करते रहेंगे।

३४. इससे (उनकी) बढ़ोतरी हुई है और माता-पिता की सेवा, गुरुजनों की सेवा, वयोवृद्धों के अनुसरण, ब्राह्मणों, श्रमणों, दीन-हीनों – यहां तक कि दासों और भृत्यों – के प्रति सम्यक व्यवहार से (और) बढ़ोतरी होगी।

३५. देवानांप्रिय (प्रि)यदर्शी राजा ऐसा कहते हैं –

३६. मनुष्यों में जो यह धर्म की बढ़ोतरी हुई है वह दो प्रकार से हुई है – धर्म के नियमों से और (विपश्यना) ध्यान करने से।

३७. और इनमें भी धर्म के नियमों से कम और (विपश्यना) ध्यान करने से कहीं अधिक (हुई है।)

३८. धर्म के नियम तो यह हैं जो मैंने यह (विधान) किया कि अमुक-अमुक प्राणी अवध्य हैं।

३९. और दूसरे भी अनेकानेक धर्म के नियम हैं जिनका मैंने (विधान) किया है।

४०. परंतु (विपश्यना) ध्यान करने से मनुष्यों की धर्म में खूब बढ़ोतरी हुई है (क्योंकि) इससे जीवों की अ-विहिंसा और प्राणियों का अ-वध होता है।

४१. तो इस उद्देश्य से यह किया गया है जिससे कि यह (मेरे) बेटों-पोतों (के शासनकाल) तक (और) चंद्रमा वा सूर्य (के भासमान रहने) तक टिकने वाली हो और (लोग) इसका अनुसरण करें।

४२. क्योंकि इस प्रकार अनुसरण करने वाले को इहलोक तथा परलोक (का सुख) प्राप्त होता है।

४३. मेरे अभिषेक के २७ वर्ष हो चुकने पर मेरे द्वारा यह धर्मलिपि लिखवायी गयी है।

४४. इस बारे में देवानांप्रिय कहते हैं –

४५. यह धर्मलिपि जहां शिला-स्तंभ अथवा शिला-फलक हों वहां लिखवायी जानी चाहिए जिससे कि यह चिर-स्थायी हो।

खंड (५)

गुहा पर उत्कीर्ण अभिलेख

मूल अभिलेख

गुहा : बराबर

प्रथम मूल अभिलेख

लाजिना पियदसिना दुवाडसवसाभिसितेना
इयं निगोहकुभा दिना आजीविकेहि

द्वितीय मूल अभिलेख

लाजिना पियदसिना दुवाडसवसाभिसितेना इयं
कुभा खलतिकपवतसि
दिना आजीविकेहि

तृतीय मूल अभिलेख

लाज पियदसी एकुनवी-
सतिवसाभिसिते जलघो-
सागमथात मे इयं कुभा
सुपिये ख..... दिना

हिंदी रूपांतर

गुहा : बराबर

प्रथम अभिलेख

अभिषेक के बारह वर्ष हो चुकने पर राजा प्रियदर्शी द्वारा यह न्यग्रोध-गुहा आजीविकों को दी गयी।

द्वितीय अभिलेख

अभिषेक के बारह वर्ष हो चुकने पर राजा प्रियदर्शी द्वारा खलतिक पर्वत पर यह गुफा आजीविकों को दी गयी।

तृतीय अभिलेख

राजा प्रियदर्शी के अभिषेक के उन्नीस वर्ष हो चुकने पर अतीव मनोहारी ख(लतिक पर्वत पर) यह गुफा वर्षा (से बचाव) के लिए दी गयी।

शब्द-विवेचन

स्पष्टीकरण

शब्दों के विवेचन का क्रम प्रायःकर निम्न प्रकार से रखा गया है –

१. अभिलेख में प्रयुक्त हुए शब्द-विशेष

२. उनका हिंदी में अर्थ

३. इन शब्दों का सँस्कृत स्वरूप

४. सँस्कृत पदों का विश्लेषण (यथासंभव शब्दकोषों की सहायता से)

५. पालि शब्द अपने सामान्य रूप में (कोष्ठक में तत्सम सँस्कृत शब्द सहित)

उदाहरण -

गिरनार शिला : प्रथम अभिलेख

(पृष्ठ ६९–७०)

१. समाजो

२. समाज (अर्थात इंद्रियलोलुपता को बढ़ाने वाले जमघट अथवा उत्सव)

३. समाजः (संवीयते अत्रेति)।

४. 'पशुभिन्नानां सङ्घः' (हलायुध०)। 'समजस्तु पशूनां स्यात् समाजस्त्वन्यदेहिनाम्' (अभिधान० ३.४८१)। समाजः- 'पशुभिन्नानां समूहे, सभायाम्, हस्तिनि च' (शब्द०)।

५. समज्ज समज्जा। [सँ.- ✓अज् (हांकना)]

[नोट - संदर्भ-ग्रंथों के लिए कृपया देखें **संदर्भ-सूची** पृष्ठ सं (ix) पर]

शिला अभिलेख - शब्द-विवेचन

गिरनार शिला : प्रथम अभिलेख

• इयं = यह।

• धंमलिपी = धर्म से संसिक्त अक्षररचना (अथवा अक्षरसंस्थान)। सँ.- धर्मलिपी। 'धर्मः' –ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा। 'लिपी', 'लिपिः' – ✓लिप् से। इनके अन्य रूप 'लिबी', 'लिबिः' भी देखने को मिलते हैं। 'अक्षरन्यासे लिपिर्लिबिः' (अभिधान० ४८४)।

• देवानंप्रियेन प्रियदसिना राजा = देवानांप्रिय प्रियदर्शी राजा द्वारा। 'देवानांप्रिय' –मौर्य राजाओं की उपाधि। 'प्रियदर्शी' –राजा अशोक का विशेषण। 'देवः' –दीपनात्, द्योतनात्, दानात् (नि० ७.१५)। 'प्रियः' –प्रीणातीति। मनोरम, मञ्जुल, हृद्य। 'राजा' –राजतेः (नि० २.३)। Lat. 'Rex' (a king)

• लेखापिता = लिखवायी गयी।

• इध = यहां (अर्थात, मेरे साम्राज्य में)। सँ. –'इह'। पालि –'इध'। (हिंदी का 'इधर' शब्द इसी से निष्पन्न हुआ प्रतीत होता है।)

• किंचि = कोई। सँ.– किञ्चित्।

• जीवं = प्राणी को। सँ.– जीवः (जीवतीति 'जीव् प्राणधारणे')। 'जीवः पुरुषपुद्गलौ' (त्रिकाण्ड० ११९)।

• आरभित्पा = मार कर। सँ.– आलभ्य। आलम्भः, आलम्भनं –पकड़ना, स्पर्श करना, चीरना, फाड़ना, यज्ञ में बलिदान के लिए पशु का वध करना, यथा 'अश्वालम्भं, गवालम्भं'। (सँस्कृत०)। ('प्रातर्वै पशूनालभन्ते।' शतपथ० ३.७.२.४)

• प्रजूहितव्यं = होम किया जाय। (प्र - ✓हु से)।

• च = और। सँ.– च। पालि = च। 'च पादपूरणे पक्षान्तरे हेतौ विनिश्चये' (त्रिकाण्ड० १०१८)

• समाजो = समाज (अर्थात, इंद्रियलोलुपता बढ़ाने वाले जमघट अथवा उत्सव)। सँ.– समाजः (संवीयतेऽत्रेति)। 'पशुभिन्नानां सङ्घः' (हलायुध०)। 'समजस्तु पशूनां स्यात् समाजस्त्वन्यदेहिनाम्' (अभिधान० ३.४८१)।

समाजः-'पशुभिन्नानां समूहे, सभायाम्, हस्तिनि च।' (शब्द०)। पालि-समज्ज, समज्जा। [सँ.- ✓अज् (हांकना)।]

- कतव्यो = किया जाना चाहिए। सँ.- कर्तव्यः। पालि-कत्तब्बो।
- बहुकं = बहुत। ('बहु' से)। सँ.- बहु (बंहते इति)। 'प्रभूतं प्रचुरं प्राज्यमदभ्रं बहुलं बहु' (अमर० ३.१०८०)।
- हि = क्योंकि। (वाक्य के आरंभ में इसका प्रयोग वर्जित है।) 'हि हेतावववधारणे' (अमर० ३.१४३१)।
- दोसं = दोष। सँ.- दोषः (दूष्यते इति दूषणम् अथवा दुष्यत्यनेनेति पापम्)। 'दोष आदीनवो मतः' (हारा०-१९८)। 'दोषः दूषणे पापे च' (शब्द०)।
- समाजम्हि = समाज में।
- पसति = देखता है। सँ.- पश्यति। पालि-पस्सति।
- अस्ति = (इस प्रकरण में) 'हैं', (अन्यथा 'है')।
- पि = भी। सँ.- अपि। पालि-पि।
- एकचा = कोई-कोई। पालि-एकच्चे।
- साधुमता = अनिंद्य माने गये। सँ.- साधु (साध्नोति परकार्यमिति) 'साध्वनिन्दितः' (त्रिकाण्ड० ५२०)। 'मतं तु संमतेऽर्चिते' (अनेकार्थ० २.१९८)।
- पुरा = पूर्व काल में। सँ.- पुरा (पुरति अग्रे गच्छतीति)।
- महानसम्हि = पाकशाला में। सँ.- महानसम् (महच्च तदनश्चेति) 'महदनः। पाकस्थाने।' (शब्द०) (महत्-मह्यते पूज्यतेऽसाविति)। (महान मंहनीयो भवति-नि० ३.१३)। 'सूदशाला रसवती पाकस्थानं महानसम्' (अभिधान० ९९८)।
- अनुदिवसं = प्रतिदिन। सँ.- दिवसः (दीव्यन्त्यत्रेति)।
- वहूनि = वहुत से। सँ.- वहु (प्रभवतीति सतः-नि० ३.१३)। 'प्रभूतं प्रचुरं प्राज्यमदभ्रं वहुलं वहु' (अमर० 3.१०८०)।
- प्राणसतसहस्रानि = सैकड़ों-हजारों प्राणी। सँ.- शतं (शतं दशदशतः-नि० ३.१०)। सँ.- सहस्रं (सहस्रं सहस्यत्-नि० ३.१०)। 'प्राणास्तु जीविते' (अनेकार्थ० २.१६२)। 'दशशतसङ्ख्यायां, वहुसङ्ख्यायां, तत्सङ्ख्यान्विते च' (शब्द०)

- आरभिसु = मारे जाते थे। (आ-✓लभ् से लुङ् लकार में। कर्मवाच्य, प्रथम पुरुष, बहुवचन)।
- सूपाथाय = सूप के लिए। सँ.- सूपः (सुखेन पीयते)।
- से = परंतु। सँ.- तद्।
- अज = अब। सँ.- अद्य। (अस्मिन्नहनि इदंशब्दस्य निपातः सप्तम्यर्थे) (शब्द०)। पालि- अज्ज।
- ती = तीन। सँ.- त्रि।
- पाणा = प्राणी।
- आरभरे = मारे जाते हैं।
- द्वो = दो। सँ.- द्वि।
- मोरा = मोर। सँ.- मयूरः (मयुरिव रौति शब्दायते इति। यद्वा मिनाति हन्ति सर्पानिति।) 'लघुमांसो मयूरस्तु' (त्रिकाण्ड० २.२८७)।
- एको = एक। सँ.- एक (एक इता सङ्ख्या-नि० ३.१०)। Persian yak.
- मगो = मृग। सँ.- मृगः (मार्ष्ट्यैगतिकर्मणः-नि० १.२०)। (मृगयते अन्वेषयति तृणादिकम्। यद्वा मृग्यते अन्विष्यतेऽसौ व्याधैः)। मृगः कुरङ्गः सारङ्गो वातायुहरिणावपि (अभिधान० ४.१२९३)। 'पशु'-मात्र को भी 'मृग' कहते हैं, देखिए अमर० 3.११९३)-'पशवोऽपि मृगाः' (३.११९३)।
- ध्रुवो = निश्चित। सँ.- ध्रुव (ध्रु गतिस्थैर्ये। यद्वा ध्रुवति स्थिरीभवतीति।) 'ध्रुवो निश्चितनित्ययोः' (शब्दरत्न० III.२०)।
- पछा = पीछे, उत्तर काल में। वैदिक रूप-पश्चा, पश्चात्। 'पश्चात्प्रतीच्यां चरमे' (अनेकार्थ० १७९२)। पालि-पच्छा।
- आरभिसरे = मारे जायेंगे।

गिरनार शिला : द्वितीय अभिलेख

- सर्वत = सर्वत्र। सब स्थानों पर।
- विजितम्हि = राज्य में।
- एवमपि = इसी प्रकार।
- प्रचंतेसु = सीमा से सटे हुए पड़ोसी राज्यों में। सँ.- प्रत्यन्तेषु। 'प्रत्यन्तो म्लेच्छदेशः' (अमर० २८७)। म्लेच्छदेशे।

• पाडा = पाण्ड्यों का राज्य। चोल-देश के दक्षिण-पश्चिम में स्थित। वर्तमान में 'तिन्नेवेल्ली' नाम से प्रसिद्ध। मलय पर्वत तथा ताम्रपर्णी नदी इसकी स्थिति को स्पष्ट करते हैं। [व्युत्पत्ति -पण्डोरपत्यं पाण्ड्यः, राजा देशश्च।]

• सतियपुतो = सत्यपुत्र। अभी तक इसकी पहचान निर्णायक तौर पर नहीं हो पायी है। संभवतः उत्तरी मालाबार में स्थित प्रदेश।

• केतलपुतो = केरलपुत्र। पश्चिमी घाट और समुद्र के बीच कावेरी नदी के उत्तर का भू-भाग केरल कहलाता था। संभवतः दक्षिणी मालाबार का प्रदेश। 'ओड्राः केरलपर्यायाः'। (अभिधान० ४.९६१)।

• आ तंबपर्णी = ताम्रपर्णी (श्रीलङ्का) तक। (शब्द०)।

• अंतियको = अन्तियोक (नाम का राजा)। पूरा नाम Antiochos II Theos, सीरिया -नरेश (२६१-२४६ ईसा-पूर्व)।

• योनराजा = यवन राजा। यहां 'यवन' से अभिप्राय 'यूनानी' (Ionian) से है।

• सामीपं = समीपवर्ती। (शाब्दिक अर्थ -सामीप्य, पड़ोस)। सँ.- सामीप्य (समीपे भवम्)। 'सामीप्यं' -समीपस्य भावः। 'नैकट्यं निकटे च' (शब्द०)।

• द्वे चिकीछ कता = दो (प्रकार की) चिकित्सा (-व्यवस्थाएं) की हुई है। सँ.- द्वे चिकित्से कृते। 'चिकित्सा रुक्प्रतिक्रिया' (अभिधान० -४७३)।

• मनुसचिकीठा = मनुष्य-हित चिकित्सा। सँ.- मनुष्यः (मनोरपत्यमिति)। 'मनुष्या मानुषा मर्त्या मनुजा मानवा नराः। स्युः पुमांसः पञ्चजनाः पुरुषः पूरुषा नरः॥' (अमर० २.५४०)। पालि- मनुस्सो।

• पसुचिकीठा = पशु-हित चिकित्सा। सँ.- पशुः (अवशंपेण सर्वं पश्यतीति)। 'पशुश्चागे मृगादिषु प्रसंङ्गेऽपि च'। (अनेकार्थ० २.५५४)। पालि -पसु। Lat. -pecus (animal).

• ओसुढानि = ओषधियां। रोगनाशक जड़ी-बूटियां। सँ.- औषधम् (ओषधीरिदम्। ओषधिरेव वा।) (ओषधिः -ओषो दाहो दोषिर्वा धीयतेऽत्र)। ओषधीः दोषं धयन्तीति वा - नि० १.२७)। 'ओषध्यः फलपाकान्ता बहुपुष्पफलोपगाः' (मनु० १.४६)। [जो पेड़-पौधे फल पकने के बाद नष्ट हो जाते हैं उन्हें 'ओषधि' कहा जाता है। इन पर खूब फेल-फूल लगते हैं।] पालि -ओसधं। ओसधी।

• मनुसोपगानि = मनुष्यों के लिए उपयोगी। सं.- मनुष्योपगानि। ('उपग' का प्रयोग समास के अंत में ही होता है।)

• पसोपगानि = पशुओं के लिए उपयोगी। सँ.- पशूपगानि।

• जत जत = जहां जहां। सँ.- यत्र यत्र।

• सर्वत्र = सब स्थानों पर। सँ.- सर्वत्र।

• हरापितानि = मंगवायी गयी हैं। सँ.- हारितानि।

• रोपितानि = रुपवा दी गयी हैं। सँ.- रोपितानि। 'रोपित - वृक्षादेर्जनकाय कृताङ्गसंरोपणे।' (शब्द०)।

• मूलानि = कंद। सँ.- मूलम् (मवते बध्नाति वृक्षादिकमिति) (यद्वा ✓मूल् 'रोहणे' से क्युन्प्रत्य)। 'भक्ष्यं भोज्यं च विविधं मूलानि च फलानि च' (मनु० ३.२३०)। 'मूलानि' के उदाहरण -मूली, जमीकंद)।

• फलानि = फल। सं.- फलम् (फलतीति। ✓फल् निष्पत्ती, फला विशरणे वा)। पालि -फलं। [विनयपिटक Pts I.२०१ में सात प्रकार के रोगनाशक फलों का वर्णन किया गया है -बिल्वं, पिप्पलं, मरिचं, हरीतक, विभीतक, आमलक तथा गोठाफल।]

• पंथेसु = मार्गों पर। सँ.- पन्थाः। पालि -पन्थो।

• कूपा = कुंवे। सँ.- कूपः (कु ईषत् आपो यत्र। यद्वा कुवन्ति मण्डूकाः अत्र)। 'भूमौ खानोऽल्पविस्तारो गम्भीरो मण्डलाकृतिः। वर्द्धोऽवद्धः स कूपः स्यादम्भः कोपमुच्यते' (भाव०)। 'कूपः स्यादुदपानः' (अभिधान० ४.१०९१) (कूपः कस्मात्। कुपानं भवति, कुप्यतेर्वा -नि० ३.१९)। पालि -कूप। Lat. -cupa.

• खानापिता = खुदवाये गये हैं। सँ.- खानिताः।

• रुखा = वृक्ष। सँ.- वृक्षः (वृक्षो व्रश्चनात् -नि० २.६)। पालि - रुक्खो।

• परिभोगाय = नितांत उपभोग के लिए। [परिपूर्णता जतलाने के लिए 'परि' का प्रयोग अनेक यूरोपीय वा अन्य भाषाओं में भी किसी-न-किसी रूप में पाया जाता है।]

गिरनार शिला : तृतीय अभिलेख

• आह = कहता है। सँ.- आह। पालि -आह।

• द्वादसवसाभिसितेन = अभिषेक के बारह वर्ष हो चुकने पर। सँ.- द्वादशवर्षाभिषिक्तेन। 'द्वादश -द्वौ च दश च द्व्यधिका वा दश।' (शब्द०)। 'वर्षं हायनोऽब्दं समाः शरत्' (अभिधान० २.१५९)। 'अभिषिक्त -अभिषेक किया हुआ। राजतिलक किया हुआ, राजसिंहासन पर बैठा हुआ।' (सँस्कृत०)। सँ.- अभिषिक्तः। पालि - अभिसित्तो।

• आञपितं = आज्ञा जारी की गयी है। सँ.- आज्ञापितम्।

• युता च राजूके च प्रादेसिके च = युक्त, रज्जुक और प्रादेशिक (संज्ञा के अधिकारीगण)। सँ.- युक्ताः च रज्जुकाः च प्रादेशिकाः च।

• पंचसु पंचसु वासेसु = हर पांच वर्षों में।

• अनुसंयानं नियातु = (अपने अपने क्षेत्राधिकार में) सम्यक प्रकार से दौरा करने के लिए नियमपूर्वक जावें। (यहां 'नियातु' का तात्पर्य 'नियान्तु' से है)। संयानं-[सम्-√या से निष्पन्न] सहगमन, साथ जाना, यात्रा, मुर्दे को ले जाना, सांचा, गाड़ी)। (सँस्कृत०)

• एतायेव अथाय = इसी प्रयोजन के लिए। सँ.- एतस्मै एव अर्थाय। 'अर्थः-विषये, अभिधेये, धने, वस्तुनि, प्रयोजने, निवृत्तौ, हेतौ, प्रकारे, अभिलाषे, उद्देश्ये च।' (शब्द०)

• इमाय धंमानुसस्टिय = इस धर्मानुशासन के लिए। सँ.- अस्मै धर्मानुशिष्ट्यै। (सँ.- अनुशिष्टिः)। अनुशिष्टिः-आदेश। शिक्षण। आज्ञा। विचारपूर्वक कर्तव्याकर्तव्य का निरूपण। (सँस्कृत०)। पालि- अनुसिट्ठि।

• अञाय पि कंमाय = अन्य कार्य के लिए भी। सँ.- अन्यस्मै अपि कर्मणे (अन्यो नानेयो भवति-नि० १.६) (कर्म कस्मात्, क्रियत इति सतः-नि० ३.१)। पालि-अञ्ञो। कम्मं।

• सुसूसा = आराधना। कहना मानना। सँ.- शुश्रूषा 'शुश्रूषाराधनोपास्तिवरिवस्यापरीष्टयः' (अभिधान० ३.४९७)। 'शुश्रूषा श्रवणं चैव ग्रहणं धारणं तथा' (अभिधान० २.३१०)। पालि- सुस्सूसा।

• मित्रसंस्तुतञातीनं बाम्हणसमणानं = मित्रों, परिचितों, संबंधियों और ब्राह्मणों तथा श्रमणों को। सँ.- मित्रम् (मेद्यति स्निह्यति इति)। 'मित्रं-मिद्यति स्निह्यति' (शब्द०)। 'संस्तुत- परिचिते, सम्यक्स्तुते च। (शब्द०)। 'ज्ञातिः पितृसगोत्रयोः' (अनेकार्थ० २.१८३) 'सगोत्रबान्धवज्ञातिबन्धुस्वस्वजनाः समाः।' (अमर० २.५७३)। 'ज्ञातेः स्वसृदुहित्रात्मजाग्रजावरजादयः' (अभिधान० १.९)। 'ब्राह्मणो विप्रे' (अनेकार्थ० ३.८२३)। संस्तुतः = परिचितः। ज्ञातिः (संज्ञानात्-नि० ४.२१)। ब्राह्मणः (ब्रह्म वेदं शुद्धं चैतन्यं वा वेत्त्यधीते वा इति)। श्रमणः (श्राम्यति तपस्यतीति)।

• अनारंभो = हिंसा न करना। सँ.- अनारम्भः। पालि- अनारम्भो।

• अपव्ययता = कम व्यय करना। सँ.- अल्पव्ययता। (सँ.- अल्प-, पालि-अप्प-)। 'व्ययः धनादेस्त्यागे' (शब्द०)।

• अपभाडता = कम संचय करना। सँ.- अल्पभाण्डता।

• परिसा = परिषद्। सँ.- परिषत्। पालि-परिसा।

• युते = युक्तों को। सँ.- युक्तान्।

• आञपयिसति = आज्ञा देगी। सँ.- आज्ञापयिष्यति।

• गणनायं = व्यौरा रखने के लिए।

• हेतुतो च व्यंजनतो च = संक्षेप में और विस्तार के साथ। 'हेतुर्बीजम्' (अभिधान० ६.१५१३)। 'व्यञ्जयन्ति प्रकटान् कुर्वन्त्यर्थानिति व्यञ्जनानि' (उवट)।

गिरनार शिला : चतुर्थ अभिलेख

• अतिकातं = व्यतीत हो गया है। सँ.- अतिक्रान्तम्। 'अति प्रकर्षे लङ्घने भृशे। स्तुतावसंप्रतिक्षेपेऽपि। (अनेकार्थ० १७८८)। 'अति- उत्कर्षे, अतिक्रमणे, अतिशये च' (शब्द०)। पालि- अतिक्कन्तं।

• वढितो = बढ़ा है। सँ.- वर्द्धितः। 'वर्द्धितं छिन्नपूर्णयोः' (अनेकार्थ० ३.८८९)। पालि-वड्ढितो।

• ञातीसु = संबंधियों के प्रति। सँ.- ज्ञातिषु (ज्ञातिः-जानाति छिद्रं कुलस्थितिञ्च)। (पालि-ञाति)।

• असंप्रतिपती = असंप्रतीपती = अनादर का भाव। सँ.- असंप्रतिपत्तिः। (सम्प्रतिपत्तिः-समं + प्रतिपद्यते। वाद्युक्तार्थविषयस्वीकरणे 'श्रुत्वाभियोगं प्रत्यर्थी यदि तं प्रतिपद्यते सा तु सम्प्रतिपत्तिः स्यात्' (शब्द०)।

• ब्राम्हणसमणानं = ब्राह्मणों और श्रमणों के। (सँ. - ब्राह्मणश्रमणानाम्)। ['ब्राह्मण' और 'श्रमण'-किनसे आशय? बाहितपापोति ब्राह्मणो समचरिया समणोति वुच्चति, अर्थात ब्राह्मण वह कहलाता है जिसने पापों को बहा दिया हो और श्रमण वह जिसकी चर्या समतापूर्ण हो।]

• धंमचरणेन = धर्माचरण से। सँ.- धर्माचरणेन।

• भेरीघोसो = भेरी का नाद। सँ.- भेरि(री) घोषः (भेरिः, री-बिभ्यति शत्रवोऽस्या इति। दुन्दुभिः।) 'भेरीपटहमानकौ' (अमर० ३.११७६)। (घोषः-घोषन्ति शब्दायन्ते गावो यस्मिन्। ध्वनिः।)। (घोषो घुष्यतेः-नि० ९.९)। पालि-भेरिघोसो।

• अहो = हो गया है। सँ.- अभूत् (लुङ् लकार)।

• विमानदर्सणा = देवयान दिखलाने से। सँ.- **विमानदर्शनात्**। (विमानं- विगतं मानमुपमा यस्य। देवयानम्।)

• हस्तिदसणा = हाथी दिखलाने से। सँ.- **हस्तिदर्शनात्**। पालि -हत्थी-दस्सनं।

• अगिखंधानि = आग की मशालों को। सँ.- **अग्निस्कन्धान्**। 'स्कन्धाग्निः स्थूलकाष्ठाग्निस्तृणाग्निस्तु भवेत्समः' (हारा० २०१)। 'स्कन्धः -स्कन्धते आरुह्यतेऽसौ। अंसे, वृक्षस्य काण्डे, नृपे, व्यूहे, युद्धे, समूहे, इत्यादि' (शब्द०)। (अग्निः- अङ्गति ऊर्ध्वं गच्छतीति)। (स्कन्धः- स्कन्धते आरुह्यतेऽसौ सुखेन शाखया वा)। पालि- अग्गिक्खन्धो।

• रूपानि = दृश्य। सँ.- रूपाणि। (रूपं रोचतेः -नि० २.३)। पालि -रूपं।

• दसयित्पा = दिखला कर। सँ.- दर्शयित्वा।

• जनं = लोगों को। सँ.- जनम्। (जनः -जायते इति। लोकः।) 'जनः- जायते अजनिष्ट। जनयति जातः।' (शब्द०)। पालि -जन।

• यारिसे = जैसे। सँ.- यादृशम्। (यादृश, श्, यादृक्ष -यस्येव दर्शनमस्य। यत्सदृशे यथाविधे) (शब्द०)। पालि -यादिस।

• भूतपुवे = पहले हुआ। सँ.- भूतपूर्वम्। पालि -भूतपुब्बो।

• तारिसे = वैसे। सँ.- तादृशम्। पालि -तादिसो।

• अविहीसा = अविहिंसा। सँ.- अविहिंसा। (हिंसा -हिंसनमिति। माणं, घातः।)। पालि -अविहिंसा।

• थेरसुसुसा = बड़े-बूढ़ों की सेवा-शुश्रूषा। सँ.- स्थविरशुश्रूषा। (स्थविरः- तिष्ठति सुचिरमिति। वृद्धः; यातयामः।)। स्थविरः -अचले, स्थिरे, वृद्धे च। (शब्द०)। 'प्रवयाः स्थविरो वृद्धो जीनो जीर्णो जरन्नपि' (अमर० २.५८१)। 'स्थविरश्च सर्वानुशासकः सर्वमान्यो वा चिरन्तनो वा' (उवट)। पालि -थेरो।

• पुत्रा = पुत्र। बेटे। सँ.- पुत्राः। (पुत्रः, पुरु त्रायते। निपरणाद्वा। पुन्नरकं ततस्त्रायत इति वा -नि० २.११)। 'पुंनाम्नो नरकाद्यस्मात्त्रायते पितरं सुतः। तस्मात्पुत्र इति प्रोक्तः स्वयमेव स्वयंभुवा॥' (मनु० ९.१३८)। पालि -पुत्तो।

• पोत्रा = पोते। सँ.- पौत्राः। (पौत्रः -पुत्रस्यापत्यम्। पुत्रस्य पुत्रे नप्तरि।) 'पुत्रेण लोकाञ्जयति पौत्रेणानन्त्यमश्नुते' (वशिष्ठ०)।

• प्रपोत्रा = पड़पोते। सँ.- प्रपौत्राः। (प्रपौत्रः -प्रगतः कारणतया पौत्रम्। पौत्रस्य पुत्रे।) (शब्द०)।

• प्रवधयिसंति = बढ़ायेंगे। सँ.- प्रवर्धयिष्यन्ति।

• आव सवटकपा = सृष्टि के विनाश तक। सँ.- यावत् संवर्तकल्पम्। 'संवर्तः प्रलयः कल्पः क्षयः कल्पान्त इत्यपि' (अमर० १.१३०)। 'कल्पो युगान्तः कल्पान्तः संहारः प्रलयः क्षयः।' (अभिधान० २.१६१)। कल्पः -ब्रह्मा का एक दिन, अथवा १,००० युग जिसका परिमाण ४,३२०,०००,००० वर्ष होता है जो सृष्टि की अवधि बतलायी जाती है। महाभारत में १,००० युगों के बाद संवर्तक अग्नि के प्रकट होने का उल्लेख किया गया है। पालि -संवट्टो (संवर्तः)। कप्पो (कल्पः)।

• तिस्टंतो = प्रतिष्ठित हुए हुए। सँ.- तिष्ठन्तः।

• अनुसासिसंति = (कैसे जीवन में उतारा जाय यह) सिखायेंगे। सँ.- अनु-शासिष्यन्ति। [अनु- ✓शास् = to teach, instruct (how to act) - V.S. Apte's 'The Practical Sanskrit-English Dictionary']। पालि -अनुसासति (वैदिक-अनुशासति। सँ.- अनुशास्ति।)

• सेस्टे कंमे = श्रेष्ठ कर्म। सँ.- श्रेष्ठं कर्म। (श्रेष्ठम् -अतिशयेन प्रशस्यम्। कर्म -क्रियते तत्)। पालि -सेट्ठकम्मं।

• असीलस = शीलरहित (व्यक्ति) का। सँ.- अशीलस्य। 'शीलं स्वभावे सद्वृत्ते' (अमर० ३.१३७५)। पालि -असीलको। देखिये - 'सीलेन परिहीनस्स, उत्तमत्थो न सिज्झति'।

• वधी = बढ़ोतरी। सँ.- वृद्धिः। 'वृद्धिः समृद्धौ अभ्युदये, सम्मत्तौ, समूहे च' (शब्द०)। पालि -वुद्धि। वड्ढि।

• अहीनी = कमी न होना। सँ.- अहानिः। 'हानिः क्षतौ अपचये' (शब्द०)। पालि -हानि (सँ.- हानिः)।

• युजंतु = लग जायें। सँ.- युञ्जन्तु। पालि -युञ्जति।

• नो = नहीं। सँ.- नो (न + उ)। 'नो अभावे' (शब्द०)। पालि -नो।

• लोचेतव्या = रुचि लें। सँ.- रोचयितव्या।

कालसी शिला : पंचम अभिलेख

• कयाने = भलाई का काम। सँ.- कल्याणम् (कमनीयं भवति -नि० २.३)। 'कल्याणं हेम्नि मङ्गले' (अनेकार्थ० ३.७९३)। पालि - कल्याणं।

• दुकले = कठिन। सँ.- दुष्करम्। (दुःखेन कार्य्यं)। पालि -दुक्करं।

• आदिकले = पहल करने वाला। सँ.- आदिकरः। पालि-आदि (प्रयोग-आदिकम्मं)।

• कलेति = करता है। सँ.- करोति। पालि-करोति।

• ममया = मेरे द्वारा। सँ.- मया। पालि-मया।

• ममा = मेरे। सँ.- मम। पालि-मम।

• नताले = नाती। सँ.- नप्तारः। 'नप्ता पौत्रः पुत्रपुत्रः' (अभिधान० ३.३९९)।

• पलं = परे। आगे। सँ.- परम्। पालि-परं।

• अपतिये = संतान। सँ-अपत्यम्। (न पतति वंशो यस्मात्)। 'अपत्यं न पतन्ति पितरोऽनेन। पुत्रदुहितृरूपे सन्ताने' (शब्द०)।

• आवकपं = कल्पांत तक। सँ.- यावत्कल्पम्।

• अनुवटिसंति = अनुवर्तन करेंगे। सँ.- अनुवर्तिष्यन्ते।

• सुकटं = पुण्य का काम। सँ.- सुकृतम्। 'सुकृतं पुण्ये, धर्मे, शुभे च' (शब्द०)। पालि-सुकतं, सुकटं।

• देसं = थोड़ा। तनिक। सँ.- देशम् (दिश्यते निर्दिश्यते इति)। पालि-देसो।

• हापयिसति = अवहेलना करेगा। सँ.- हापयिष्यति। पालि-हापेति। (सँ.- हापयति)।

• दुकटं = पाप-कर्म। सँ.- दुष्कृतम्। 'दुष्कृतं दुरितं पापमेनः पाप्मा च पातकम्' (अभिधान० ६.१३८०)। पालि-दुक्कटं।

• नामा = वस्तुतः। सँ.- नाम। 'नाम-अव्य० नामयति। स्वीकारे, विस्मये, स्मरणे, सम्भावनायां, निन्दायां, प्राकाश्ये, विकल्पे, अलीके, कोपे च।' (शब्द०)। पालि-नाम।

• सुपदालये = खूब दलन किया जाने योग्य। सँ.- सुप्रदार्यम्। देखिए पालि-'सब्बे कामा पहीना मे, भवा सब्बे पदालिता।' (उत्तरपालत्थेरगाथा-२५८)।

• धंममहामता = धर्ममहामात्र (नाम के अधिकारी)। सँ.- धर्ममहामात्राः। (महामात्रः-महती मात्रा मर्यादा परिमाणं यस्य।) (मात्रा मानात्- नि० ४.२५)। 'महामात्रः समृद्धे चामात्ये हस्तिपकाधिपे' (मेदिनी०)। 'मन्त्रे कर्मणि भूषायाम् वित्ते माने परिच्छदे। मात्रा तु महती येषां महामात्रास्तु ते स्मृताः॥' (शब्द०)।

• तेदस = तेरह। सँ.- त्रयोदश। (त्रयश्च दश च; त्र्यधिका वा दश)। पालि-तेरस, तेलस।

• सवपासंडेसु = सब संप्रदायों में। सँ.- सर्वपाषण्डेषु। 'सर्वं समस्तमन्यूनं समग्रं सकलं समम्' (अभिधान० ६.१४३३)। 'पाषण्डाः सर्वलिङ्गिनः' (अमर० २.७२४)। पालि-पासण्डो (सँ.- पाषण्डः)।

• वियापटा = नियुक्त किये गये हैं। सँ.- व्यापृताः। व्यापृत - व्यापारयुक्ते। (शब्द०)।

• धंमाधिथानाये = धर्म को प्रतिष्ठित करने के लिए। सँ.- धर्माधिष्ठानाय। 'अधिष्ठानं प्रभावेऽध्यासने नगरचक्रयोः' (अनेकार्थ० ४.११०८)। पालि-अधिष्ठान (सँ.- अधिष्ठानं)।

• हिदसुखाये = हित-सुख के लिए। सँ.- हितसुखाय। (सुखं कस्मात्, सुहितं क्षेम्यं [illegible] ३.१३)। 'हितं गते, पथ्ये, इष्टसाधने, मङ्गले च' (शब्द०)। 'सुखं त्रिदिवशर्मणोः' (अनेकार्थ० २.४४)। देखिए पालि-'तेसं तं भविस्सति दीघरत्तं हिताय सुखाय'।

• धमयुतसा = धर्मपरायण (व्यक्ति) के। सँ.- धर्मयुक्तस्य। 'युतोऽन्विते' (अनेकार्थ० २.२०२)।

• योनकंबोजगंधालानं = यवनों, कंबोजों और गंधारों के। (भारत की उत्तर-पश्चिमी सीमा पर स्थित जातियां)। सँ.- यवनकम्बोजगन्धाराणाम्। (कम्बोजाः कम्बलभोजाः कमनीयभोजा वा। कम्बलः कमनीयो भवति।-नि० २.२)। 'यवन'-पु. देशभेदे, तद्देशस्थे जने ब.व.। (शब्द०)। 'कम्बोजो देशसङ्घयोः' (त्रिकाण्ड० ३.६३५)। 'गन्धारः-गन्धमृच्छति। रागे, सिन्दूरे, स्वरभेदे च। देशभेदे ब.व.। (शब्द०)।

• अपलंता - पश्चिमी सीमा पर रहने वाले लोग। सँ.- अपरान्ताः। (अपरान्तः-अपरस्या अन्तः। पाश्चात्तादेशभेदे। तद्देशवासिनि। (शब्द०)।

• भटमयेसु = भृत्यों और भर्तारों में। सँ.- भृतार्येषु। 'भृतकः वेतनेन कर्म्मकरे' (शब्द०)। ('भटमयेसु' में 'म्' का प्रयोग 'श्रुतिमधुर' के रूप में हुआ है जैसा कि अनेक स्थलों पर पालि-प्राकृत में पाया जाता है।)। 'उत्तमस्त्वायुधीयो यो मध्यमस्तु कृषीवलः। अधमो भारवाही स्यादित्येवं त्रिविधो भृतः॥' (मिताक्षरा)। देखिए पालि-'भतको' (भृतकः) तथा 'अरियो' (आर्यः)।

• बंभनिभेसु = ब्राह्मणों और धनाढ्यों में। सँ.- ब्राह्मणेभ्येषु। 'ब्राह्मणो विप्रे (अनेकार्थ० ३.८२३)। 'इभ्य आढ्यो धनीश्वरः' (अभिधान० ३.३५७)। 'इभ्य- इभं हस्तिनमर्हति यत्। प्रचुरधनवति आढ्ये, नृपे च।' (शब्द०)। [ब्राह्मणः -ब्रह्मणः (विप्रस्य) अपत्यम्, ब्रह्म (वेदम्) अधीते, ब्रह्म (परमात्मानं) जानाति वा।] [इभ्यः -एति गच्छतीति इभः (हस्ती)। इभमर्हति स (धनाढ्यः)।]। पालि -'ब्राह्मणो' तथा 'इब्भो' (इभ्यः) ['इभो'=हस्ती]।

• अनथेसु = अनाथों में। सँ.- अनाथेषु। पालि -अनाथो (अनाथः)।

• वुधेसु = वृद्धों में। सँ.- वृद्धेषु। 'वृद्धः प्राज्ञे स्थविरे च' (अनेकार्थ० २.२६३)। पालि -वुड्ढो, वुद्धो (वृद्धः)।

• अपलिबोधाये = बाधाएं दूर करने के लिए। सँ.- अपरिबाधाय। पालि -पलिबोधो (Childers के अनुसार 'परिरोध' तथा 'परिबाध' से निष्पन्न भ्रमित रूप अथवा किसी बोली में 'परिबाध' का रूप)।

• बंधनवधसा = बंधन में बँधे हुओं (अर्थात, बंदियों) के। सँ.- बन्धनबद्धस्य। 'बन्धनं दाम संदानम्' (अभिधान० ४.१२७४) 'बन्धनं निगडादिना संयमने, वधे च।' (शब्द०)। (बन्धनम् -बध्यतेऽस्मिन् इति कारागारम्।) (बद्धम् -बध्यते स्म इति। बन्धनयुक्तं, निगडितम्)। पालि -बन्धनं।

• पटिविधानाये = (धन से) भरण-पोषण करने के लिए। सँ.- प्रतिविधानाय। 'प्रतिविधानं प्रतीकारे' (शब्द०)।

• मोखाये = रिहाई के लिए। सँ.- मोक्षाय। (मोक्षः -मोक्ष्यते दुःखमनेन। 'मोक्षो निःश्रेयसे वृक्षविशेषे मोचने मृतौ' (अनेकार्थ० २.५७३) पालि -मोक्खो (मोक्षः)।

• एयं अनुबधा = इस हेतु। सँ.- एतम् अनुबन्धम् (=एतदर्थम्)। 'अनुबन्ध प्रकृतस्यानुवर्तने' (शब्द०)।

• पजाव ति = बाल-बच्चों वाला है। सँ.- प्रजावान् इति। (प्रजा-प्रजात इति। सन्ततिः।) 'प्रजा लोके सन्ततौ च' (अनेकार्थ०-२.८७)। पालि -पजा (प्रजा)। ति (इति)।

• कटाभिकाले = जिस पर जादू-टोना किया गया हो। सँ.- कृताभिकारः 'हिंसार्थं कर्माभिचारः स्याद्यज्ञार्थं तु यज्ञियम्।' (अभिधान० ३.८३०)। 'अदृष्टोपायेन परपीडाऽभिचारः' (मिताक्षरा)। 'अभिचारः -हिंसाफलेकेषु मारणोच्चाटनस्तम्भनप्रभृतिषु अथर्ववेदतन्त्रादिप्रसिद्धेषु कर्म्मसु' (शब्द०)।

'अभिचारः -अनुष्ठान। मारण, उच्चाटन, विद्वेषण आदि के लिए अनुष्ठान। (सँस्कृत०)। महालके = वृद्धः। सँ.- महल्लकः। पालि- महल्लको।

• बाहिलेसु नगलेसु सवेसु = बाहर के सब नगरों में। (सँ.- बाह्येषु नगरेषु सर्वेषु।) (नगरम् -नगा इव प्रासादादयः सन्ति यत्र। पूः। पुरी।)। पालि -बाहिरो (बाह्यः)। नगरं (नगरम्)।

• ओलोधनेसु = अंतःपुरों में। सँ.- अवरोधनेषु। 'अन्तःपुरं स्यादवरोधनम्' (अमर० २.३०९)। पालि -ओरोधो (अवरोधः)।

• भातिनं = भाइयों के। सँ.- भ्रात्रीणाम्। (भ्राता भरतेर् हरतिकर्मणो हरते भागम्, भर्त्तव्यो भवतीति वा -नि० ४.२६)। पालि -भाता (भ्राता)।

• भगिनिना = बहिनों के। सँ.- भगिनीनाम्। (भगिनी -भगं कल्याणं यत्नः इच्छा वा, पित्रादितो द्रव्यादाने विद्यतेऽस्या इति। स्वसा।)। पालि -भगिनी।

• धंमनिसिते = धर्मोन्मुख। धर्म के प्रति श्रद्धावान। सँ.- धर्मनिश्रितः। पालि -निस्सितो (निश्रितः)।

• दानसुयुते = (खूब) दान देने वाला। सँ.- दानसंयुक्तः। (दानम् -दीयते इति।) पालि -'दानं' (दानम्)। 'संयुत्तो' तथा 'सञ्जुत्तो' (संयुक्तः)। Lat. -donum.

• चिलथितिक्या = चिरस्थायी। सँ.- चिरस्थितिका। पालि -चिरं (चिरम्)। ठितको (स्थितकः)।

गिरनार शिला : षष्ठ अभिलेख

• अथकंमे = राज्य का आवश्यक कार्य। सँ.- अर्थकर्म। अर्थकर्म = मुख्य कार्य। (सँस्कृत०)।

• पटिवेदना = कार्य की सूचना। सँ.- प्रतिवेदना।

• काले = समय। सँ.- काले। (कालः -कलयति आयुः)। 'स्यात्कालः समयः' (अभिधान० २.१२६)। पालि -कालो (कालः)।

• भुंजमानस = खाना खाते हुए। सँ.- भुञ्जाने। पालि -भुञ्जानं (भुञ्जानम्)।

• गभागारम्हि = शयनकक्ष में। सँ.- गर्भागारे। (अगारं -अगं न गच्छन्तमृच्छति। आगारं -आगमृच्छति।) 'गर्भागारम् -गर्भइवागारम्। गर्भमध्यभागे वासगृहे।' (शब्द०)। पालि -गब्भो (गर्भः)। आगारं (अगारं, आगारम्)।

• वचम्हि = पशुशाला में। सँ.- व्रजे। (व्रजः-व्रजन्ति सङ्घीभूय यान्त्यत्र। गोष्ठम्।)। 'व्रजः समूहे, गोष्ठे, पथि, मथुरासमीपस्थे देशभेदे च' (शब्द०)। 'व्रजन्त्यस्माद् गाव इति व्रजो घोषः गोवाटो वा उच्यते।' (उवट)। 'व्रजोऽध्वगोष्ठसंघेषु' (अनेकार्थ० २.९०)। पालि-वजो (व्रजः)।

• विनीतम्हि = (सधे हुए) घोड़े (की पीठ) पर। सँ.- विनीते। 'विनीतः सुवहाश्वे' (मेदिनी०)। 'विनीतस्तु साधुवाही' (अभिधान०- ४.१२३५)। पालि-विनीते।

• उयानेसु = उद्यानों में। सँ.- उद्यानेषु। (उद्यानम्-उद्याति क्रीडार्थमस्मिन् इति। राज्ञः साधारणं वनम्। आक्रीडः।)। पालि-उय्यानं (उद्यानम्)।

• पटिवेदका = प्रतिवेदक। सूचना देने वाले कर्मचारी। सँ.- प्रतिवेदकाः। पालि-पटिवेदेति (प्रतिवेदयति)।

